हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी से डरती है यह सरकार : अधीर रंजन चौधरी

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राहुल गांधी को मिली 2 साल की सजा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार राहुल गांधी से डरती है इसलिए उनकी सदस्यता खत्म करने की साजिश की जा रही है। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी से डर की वजह से उन्हें हर तरह से दबाने की कोशिश की जा रही है लेकिन राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं। दो साल क्या उनको दो हजार साल भी जेल की सलाखों के पीछे रख दो तो भी राहुल गांधी, राहुल गांधी ही रहेंगे। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी ने तो सिर्फ इतना ही कहा था कि जहां भी इल्जाम लग रहे हैं, वहां सिर्फ मोदी का ही नाम (सरनेम) क्यों आ रहा है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तो सदन में यह कहा था कि नेहरू सरनेम के बदले गांधी सरनेम क्यों आ रहा है, क्या उनके खिलाफ गांधी सरनेम वाले व्यक्ति मुकदमा कर सकते हैं?

### देश के नौ राज्यों में सीबीआई को जांच करने की इजाजत नहीं, दो एनडीए शासित राज्य भी शामिल

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित नौ राज्यों ने मामलों की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को सूचित किया कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, सीबीआई को संबंधित राज्य सरकार से उसके अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए सहमति की आवश्यकता होती है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि डीएसपीई अधिनियम, 1946 की धारा 6 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकारों द्वारा निर्दिष्ट श्रेणियों के व्यक्तियों के खिलाफ अपराधों के निर्दिष्ट वर्ग की जांच के लिए सीबीआई को एक सामान्य सहमति दी गई थी, जिससे एजेंसी उन निर्दिष्ट मामलों को दर्ज करने और जांच करने में सक्षम हुई थी। उन्होंने कहा कि नौ राज्यों..छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल ने मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली है।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बोले मनमोहन सामल, 2024 में पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई का प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद मनमोहन सामल ने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद ''लोगों की मदद से राज्य में भाजपा की सरकार होगी। ओडिशा विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 में साथ-साथ होने हैं। सामल ने पत्रकारों से कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मुझ पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद करता हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि 2024 के चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में हो। उन्होंने कहा कि अगला चुनाव लोगों द्वारा लड़ा जाएगा और भाजपा सत्ता में आएगी। मनमोहन सामल ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में समीर मोहंती का स्थान लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मोहंती का तीन साल का कार्यकाल इसी साल 16 जनवरी को समाप्त हुआ था।

# 496 अधिकारियों को सीएम योगी ने दिए जॉइनिंग लेटर

❑ आवास और शहरी नियोजन विभाग को सबसे ज्यादा 78 नए अफसर मिले

(संवाददाता)

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में विभिन्न विभागों में अधिकारी पदों पर चयनित 496 अभ्यर्थियों को जॉइनिंग लेटर दिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल रहे अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इसके साथ ही सीएम योगी ने ई अधियाचन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रक्रिया चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। छह सालों में एक करोड़ 61 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिए गए। 60 लाख से ज्यादा युवा उद्यमियों को अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए सहायता की जा रही है। मुझे आपको बताते हुए खुशी है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 43 ऐसे अभ्यर्थी थे जो मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना से चयनित हुए। जिन अभ्यर्थियों को जॉइनिंग लेटर दिया गया है, उनमें सबसे ज्यादा 78 जॉइनिंग लेटर आवास और शहरी नियोजन विभाग से संबंधित हैं। सीएम ने यहां सहायक सिविल



अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता और आवास विकास परिषद के अभियंता जैसे पदों पर सफल अभ्यर्थियों को जॉइनिंग लेटर दिया। इसके अलावा 60 अभ्यर्थियों को औद्योगिक विकास विभाग के तहत प्रबंधक (प्रशासन,सामान्य), वित्त और लेखाधिकारी, सहायक भंडार क्रय अधिकारी पदों के लिए जॉइनिंग लेटर दिए। साथ ही 52-52 अभ्यर्थियों को राजस्व और नियुक्ति विभाग के जॉइनिंग लेटर दिए। राजस्व में जहां नायब तहसीलदार के लिए तो वहीं नियुक्ति विभाग में डिप्टी कलेक्टर के लिए जॉइनिंग लेटर दिए गए।

# पुलिस मुठभेड़ मे 3 बदमाश गिरफ्तार

## महिला का अपहरण कर मांगी थी 50 लाख की फिरौती

(संवाददाता)

आगरा । महिला का अपहरण कर लूटने और बाद में फिरौती मांगने वाले बदमाशों से गुरुवार सुबह एत्माददौला पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया वहीं पुलिस ने तीन बदमाशों को दबोच लिया। दरअसल घटना 20 मार्च की है। नारायच निवासी मालती देवी जलकल विभाग में अपने पति की जगह मृतक आश्रित कोटे से लिपिक हैं। सोमवार की दोपहर उन्हें परिचित ने फोन किया। बताया कि उनका ई-रिक्शा पलट गया है। दुर्घटना में चालक घायल हो गया है। मालती देवी को कार्यालय से रायल कट पर बुलाया। वहां पर पहले से मौजूद बदमाशों ने मालती देवी को वैन में बैठा लिया था। बदमाशों ने मालती देवी की पुत्री को फोन कर 50 लाख रुपये फिरौती



मांगी थी और उसके बाद महिला के साथ गाडी में लूट की। एक जगह पर जब गाडी रुकी तो महिला बहाने से बदमाशों के चंगुल से भाग निकली। फिर पुलिस के पास पहुंची। महिला की तहरीर पर 21मार्च को थाना एत्माददौला मे मुकदमा दर्ज किया गया। इस दौरान आरोपी बदमाश लगातार पीड़िता से पैसों की डिमांड करते रहे। पैसे नहीं देने पर पीड़िता की छोटी बेटी को किडनैप करने की धमकी दी। इस दौरान एसीपी छत्ता राकेश कुमार सिंह और थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार बदमाशों की तलाश में जुट गयी। पीड़िता को बदमाशो ने फिरौती देने के लिए गुरूवार सुबह चार बजे फाउंड्री नगर इलाके में बुलाया जहाँ बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश साहिल के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने साहिल और उसके दो साथियों संजीव चौधरी व मयंक को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सिटी विकास कुमार ने बताया कि अपहरण कर फिरौती करने का प्लान का मास्टरमाइंड पीड़िता की बेटी का दोस्त संजीव चौधरी निकला है। उसी ने अपहरण करने के लिए बदमाश साहिल से संपर्क किया था। पुलिस टीम से मुठभेड़ में एक बदमाश साहिल घायल हो गया है वहीं उसके दो अन्य साथियों संजीव चौधरी और मयंक को गिरफ्तार किया गया है।

# जी 20 समिट के लिए तैयार है रामनगर, सुरक्षा में 2,566 पुलिसकर्मी

(एजेंसी)

रामनगर। उत्तराखंड के रामनगर में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन में आने वाले अतिथि कड़े सुरक्षा घेरे में रहेंगे। ऊधमसिंह नगर से लेकर नैनीताल तक सड़कों व आयोजन स्थल के बाहर पुलिस छावनी बनेगी। आईजी समेत दो एसएसपी खुद भी मोर्चे पर डटे रहेंगे। 20 सीओ, 27 इंस्पेक्टर, 163 दरोगा नैनीताल में ड्यूटी देंग, जबकि 13 सीओ, 116 दरोगा उधम सिंह नगर में ड्यूटी पर तैनात होंगे। जिम कार्बेट पार्क से सटे ढिकुली गांव में 28 से 30 मार्च तक जी-20 सम्मेलन प्रस्तावित है।



प्रशासन की ओर से सड़कों की मरम्मत व दीवारों के रंगरोगन का कार्य कराया जा रहा है। अतिथियों के सुरक्षा की जिम्मेदारों दो जिलों के पुलिस कप्तानों की है। इनसे भी बड़ी जिम्मेदारी आईजी कुमाऊं डा. नीलेश आनंद भरणे की हो जाती है। आईजी लगातार दोनों जिलों के अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। साथ ही कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। डिमांड के हिसाब से मुख्यालय को पत्र भेजकर फोर्स मंगाई जा रही है। 27 मार्च तक पुलिस दोनों जिलों में पहुंच जाएगी। पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर उनकी जिम्मेदारियां तय होंगी।

सुरक्षा कर्मियों की संख्या पुलिस ने जारी की है। आपको बता दें कि, रामनगर में होने वाली जी-20 बैठक के लिए तैयारियां तेजी से चल रही है। जी-20 शिखर सम्मेलन की एक बैठक 28 से 30 मार्च, 2023 तक होगी। ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी20) अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है।

# राहुल गांधी को मानहानि के मुकदमे में फंसाना ठीक नहीं : केजरीवाल

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सूरत की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भी अब उनके समर्थन में आ गए हैं। उन्होंने कहा अदालत का सम्मान करते हैं, लेकिन फैसले से सहमत नहीं। सूरत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल ने कहा कि राहुल गांधी को मानहानि के मुकदमे में फंसाना ठीक नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने



गुरुवार को ट्वीट कहा, दिल्ली में मेरे खिलाफ इन लोगों ने पोस्टर लगाए। मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। जनतंत्र में जनता को अपने नेता के पक्ष या खिलाफ में अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। मेरे खिलाफ पोस्टर लगाने वालों को गिरफ्तार ना किया जाये। केजरीवाल ने एक अन्य ट्वीट कर कहा, गैर बीजेपी नेताओं और पार्टियों पर मुकदमे कर उन्हें खत्म करने की साजिश हो रही है। हमारे कांग्रेस से मतभेद हैं, मगर राहुल गांधी को इस तरह मानहानि मुकदमे में फंसाना ठीक नहीं। जनता और विपक्ष का काम है सवाल पूछना। हम अदालत का सम्मान करते हैं, पर इस निर्णय से असहमत हैं।वहीं आप प्रवक्ता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी राहुल गांधी के बचाव में कहा, अलग-अलग मुकदमों में विपक्ष के नेताओं को फंसाया जा रहा है। दर्जनों एफआईआर कर विपक्ष को बताया जा रहा है कि आप आवाज सरकार से सवाल करेंगे तो आपकी जुबान बंद करा देंगे। यह ठीक नहीं है। फिलहाल आप पार्टी की ओर से राहुल गांधी का बचाव किए जाने के बाद सवाल उठने लगा है कि आखिर दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी ने अपने रुख में बदलाव क्यों किया! माना जा रहा है कि शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी और उसके बाद के हालात को भांपते हुए पार्टी ने कांग्रेस का खुलकर समर्थन करने का निर्णय लिया है।

# खत्म नहीं हो रहा गतिरोध, हंगामे के बीच लोकसभा से विनियोग विधेयक पारित

(एजेंसी)

नई दिल्ली। भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी से माफी की मांग और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्ष की मांग को लेकर दोनों पक्षों के ''अड़ियल रवैये'' के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा में लगातार सातवें दिन गतिरोध जारी रहा तथा बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब दो बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में आज भी जबरदस्त तरीके से हंगामा देखने को मिला। हंगामे की वजह से राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 2.00 बजे के करीब ही स्थगित कर दी गई थी। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही शाम 6.00 बजे शुरू की गई। लोकसभा ने हंगामे के बीच वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जुड़ी अनुदान की मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक को बिना चर्चा के ध्वनिमत से मंजूरी दी। वहीं, राहुल गांधी के मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष लगातार विपक्ष पर हमलावर रहा और भाजपा सांसद राहुल गांधी से माफी मांगते रहे। दूसरी ओर विपक्ष जबरदस्त तरीके से अदानी मामले को लेकर जेपीसी की मांग पर अड़ा रहा। इसके बाद शाम छह बजकर करीब 10 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने शहीद दिवस का उल्लेख करते हुए कहा, ''हमारी स्वतंत्रता के इन नायकों ने आज ही के दिन 1931 में भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। लोकसभा ने बृहस्पतिवार को अपने तीन पूर्व सदस्यों सत्यव्रत मुखर्जी, सोहन पोटाई और रंगासामी ध्रुवनारायण को श्रद्धांजलि दी जिनका पिछले दिनों निधन हो गया। लोकसभा में लगातार नौवें दिन प्रश्नकाल नहीं चला। भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी से माफी की मांग और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्ष की मांग को लेकर दोनों पक्षों के ''अड़ियल रवैये'' के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा में लगातार सातवें दिन गतिरोध जारी रहा तथा बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब दो बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित नौ राज्यों ने मामलों की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली है।

# सेल्हूपुर सामूहिक हत्याकांड : 44 साल बाद आया फैसला

## पांच को उम्रकैद, मर चुके हैं 14 अभियुक्त

(संवाददाता)

कानपुर देहात। देवराहट के सेल्हूपुर गांव में 44 वर्ष पूर्व हुए सामूहिक हत्याकांड मामले में पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

29 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। सेल्हूपुर गांव निवासी रमेश चंद्र ने 1979 में साथियों के साथ मिलकर रंजिश में मासूम सहित चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। वादी अयोध्या प्रसाद ने रमेश चंद्र सहित 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। आरोपित पक्ष के 1982 में हाईकोर्ट से मामले में स्थगनादेश लेने से मामले की सुनवाई लंबित हो गई।

इस दौरान मामले के 14 आरोपितों की मौत हो चुकी है। मामले में एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी पत्रावली कोर्ट ने अलग कर दी है। शेष आरोपितों की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि यादव की कोर्ट में चल रही है। दोनों पक्षों की बहस पूरी हो जाने पर कोर्ट ने बचाव पक्ष को मामले में लिखित बहस दाखिल करने के लिए कहा था जिसपर पिछली तिथि पर मामले के पांच आरोपितों की ओर से बचाव पक्ष ने लिखित बहस दाखिल की थी। एडीजीसी प्रदीप पांडेय के मुताबिक अभियुक्त विजय बहादुर, बटोले, धनीराम, विजय नारायण व प्रेमचंद्र को न्यायालय से दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 29-29 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# विश्वबैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामित अजय बंगा भारत पहुंचे, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात

(एजेंसी)

नई दिल्ली। विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अमेरिका की ओर से नामित अजय बंगा भारत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करेंगे। बंगा 23 से 25 मार्च तक नयी दिल्ली के दौरे पर हैं। यह उनके तीन हफ्ते के वैश्विक दौरे का अंतिम पड़ाव है। उनका दौरा अफ्रीका से शुरू हुआ, फिर वह लातिन अमेरिका और एशिया पहुंचे। अमेरिका के वित्त विभाग ने एक बयान में कहा, 'भारत में, बंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेशी मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। ये चर्चाएं भारत की विकास प्राथमिकताओं, विश्व बैंक और वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए चुनौतियों पर केंद्रित होंगी। बंगा लर्ननेट इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स भी जाएंगे, जो विश्व बैंक द्वारा आंशिक तौर पर वित्तपोषित और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से स्थापित व्यावसायिक संस्थानों का एक नेटवर्क है। बयान में मुताबिक बंगा के नामांकन की घोषणा के तुरंत बाद भारत सरकार ने उनका समर्थन किया था। उसके बाद से बांग्लादेश, कोलंबिया, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, घाना, इटली, जापान, केन्या, सऊदी अरब, कोरिया और ब्रिटेन भी उनकी दावेदारी का समर्थन कर चुके हैं।

# हरियाणा में अमृतपाल, उसके सहयोगी को शरण देने के आरोप में महिला गिरफ्तार

(एजेंसी) चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर कट्टर अलगाववादी अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगी पपलप्रीत सिंह को कुरुक्षेत्र जिले में अपने घर में शरण दी थी। पुलिस ने बताया कि महिला को शाहबाद इलाके से गिरफ्तार किया गया। हमने रविवार को शाहबाद में अपने घर पर अमृतपाल और उसके सहयोगी पपलप्रीत सिंह को शरण देने वाली महिला बलजीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है। महिला को पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है। पंजाब पुलिस ने पिछले शनिवार को अमृतपाल की अगुवाई वाले संगठन 'वारिस पंजाब दे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया था।

## मोदी सरनेम मानहानि मामले में राहुल दोषी करार, मिली जमानत

# मैं भाजपा-आरएसएस से नहीं डरता: राहुल गांधी

(एजेंसी)

सूरत। गुजरात की सूरत जिला अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2019 में उनकी मोदी सरनेम टिप्पणी को लेकर मानहानि के मामले में दोषी ठहराया। गांधी को भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया गया। इस धारा के तहत अधिकतम सजा दो साल की सजा है। हालांकि, राहुल गांधी के वकील ने कहा कि कोर्ट ने मामले में राहुल को अपील के अधिकार की अनुमति देते हुए दो साल की सजा को घटाकर 30 दिन कर दिया है और जमानत दे दी है। गौरतलब है कि बीजेपी विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ उनकी टिप्पणी सभी चोरों का उपनाम मोदी



क्यों है? पर केस दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि विवादास्पद टिप्पणी 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली में की गई थी, जिसने पूरे मोदी समुदाय को बदनाम किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा ने मामले में पिछले सप्ताह दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की थी। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, इंकलाब जिन्दाबाद। मैं बीजेपी-आरएसएस से नहीं डरता। राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को शहीद दिवस पर सादर नमन! सच और हिम्मत का दामन थाम, देश के लिए बेखौफ लड़ते जाना, भारत मां के इन्हीं वीर सपूतों से सीखा है। इंकलाब जिन्दाबाद। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट कर कहा, ए तलवार तुझे झुकना होगा गर्दन ने बगावत कर दी है। राहुल गांधी को डराना आपके बस की बात नहीं है पीएम मोदी, अडानी को बचाने की सारी कोशिशें नाकाम होंगी। वहीं कांग्रेस पार्टी के ट्विटर हैंडल से जारी बयान में कहा गया है, सबको पता है। राहुल गांधी तानाशाह के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। गलत को गलत कहने का साहस दिखा रहे हैं। इस साहस से तानाशाह घबराया हुआ है। कभी ईडी, कभी पुलिस, कभी केस, कभी सजा से डराने में जुटा है। राहुल गांधी इस मामले में न्यायसंगत अपील दायर करेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने एक वीडियो संदेश के साथ ट्विटर पर लिखा है, मैं सत्य में विश्वास करता हूं। मैं सत्य के लिए लड़ता हूं। मैं बीजेपी-आरएसएस से नहीं डरता.. और यही बात उन्हें परेशान करती है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम कहते रहे हैं कि हमारा लोकतंत्र खतरे में है, क्योंकि न्यायपालिका, चुनाव आयोग, ईडी पर दबाव है और उन सभी का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## संपादकीय

### बढ़ता साइबर क्राइम-बच के कहां जाओगे

एक घंटे में 60 मिनट होती हैं लेकिन इतनी ही मिनटों में आपको आपके एटीएम कार्ड के बारे में जानकारी, आपको ईनाम मिलने के बारे में सूचना या फिर आधार कार्ड और बैंक कार्ड अपडेट किये जाने के बारे में कोई मैडम आपके मोबाइल पर सूचना देती है। तरह-तरह के एसएमएस आपको चेतावनी देते हैं और सावधान भी करते हैं कि आपको लिंक भेजा जा रहा है, आपके खाते में पैसे आ रहे हैं तो हमें डिटेल दीजिए। कृपया सावधान हो जाइये, ये सब साइबर क्राइम हैं और आपको लूटने के तरीके इजाद किये जाते हैं। नई कड़ी में एक बुजुर्ग के पास व्हाट्सऐप कॉल गई और उसने उठा ली। फिर आवाज आई सामने देख और जब बुजुर्ग ने मोबाइल पर सामने देखा तो एक डर्टी पिक्चर उभर आई। लगभग 20 सैकेंड तक बुजुर्ग समझ नहीं पाया और दूसरे ही दिन एक अलग नंबर से उन्हें फोन आया कि आपने एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की है और इसका वीडियो हमारे पास है। (दरअसल जब बुजुर्ग ने 20 सैकेंड तक वीडियो देखा था तो उन्होंने बुजुर्ग की फोटो उस लड़की के साथ जोड़ दी थी।) यह बुजुर्ग ब्लैकमेलिंग का शिकार हो गया और दो लाख रुपये देकर छूटा। मरता क्या न करता। आजकल ब्लैकमेलिंग का धंधा चल रहा है। यूथ को मोबाइल पर लड़कियां बातों में बरगला लेती हैं और फिर उनसे ब्लैकमेलिंग करके पैसे ऐंठती हैं। फेसबुक हो या व्हाट्सएप कॉल सावधान रहने का समय आ गया है। सामाजिक होने के नाते सैकड़ों लोगों के फोन मुझ तक आते हैं और ये फोन उन लोगों के हैं जिनके घरों में से कोई न कोई साइबर क्राईम के तहत लूट का शिकार हो चुका है। सवाल पैदा होता है आखिर हम कैसे बचें? जरा भी आप चूक गए या किसी भी आए हुए मैसेज पर क्लिक कर दिया तो समझो आपकी सारी जमा पूंजी एक ही झटके में लुट जायेगी। आखिरकार हमें बचने के तौर-तरीके भी इजाद करने होंगे। आज के कंप्यूटर युग में घर बैठे सुविधा कौन नहीं चाहता लेकिन हमें टैक्नोलॉजी के बारे में पूरा ज्ञान होना चाहिए यद्यपि सरकार ऐसे मैसेज के आने के बारे में लोगों को अलर्ट करती है। बड़े-बड़े ब्रांड एंबेस्डर कभी आरबीआई के बारे में तो कभी सरकारी विभागों में सारी जानकारी देने की बात कहते हैं लेकिन मेरा यह मानना है कि जब फोन करने वाला या एसएमएस भेजने वाले का पूरा हिसाब-किताब आपके मोबाइल पर आ रहा है तो फिर ऐसा संगठित अपराध करने वालों के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं होता? बड़े-बड़े अफसर प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी दे देते हैं कि साइबर अटैक से क्रिमिनल ग्रुप हजार करोड़ का फ्रॉड कर चुके हैं। सूचनाएं आ रही हैं कि दो हजार लोग पकड़े जा चुके हैं और दस लाख से ज्यादा सिम ब्लॉक किये जा चुके हैं, बस एक्शन यही तक सीमित है जबकि हकीकत इससे भी ज्यादा खतरनाक है। लोग कैसे सुरक्षित रह सकते हैं? आखिरकार हमारे बारे में पूरी जानकारी साइबर क्रिमिनल के पास कैसे पहुंच जाती है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के चलते यह सब क्या हो रहा है, किसको दोष दें यह कहा नहीं जा सकता। मेरा मानना है कि हर रोज किसी भी बड़े महानगर में हजारों लोग लुट रहे हैं। पिछले दिनों लाजपत नगर में एक प्रतिष्ठित बैंक से सत्तर लोगों के खाते से एक साथ एक लाख से पांच लाख रुपये तक एक घंटे में उड़ा दिये, ऐसे में बताइये कहां सूचना दें। जहां सूचना देते हैं वहां से कोई कार्यवाही नहीं होती। इससे ज्यादा शर्मनाक बात क्या होगी कि महज दो महीने पहले देश की राजधानी में दुनिया के जाने-माने अस्पताल एम्स पर साइबर अटैक हुआ। हैकर सब कुछ उड़ा ले गए और प्रशासन से ब्लैकमेलिंग पर उतर आए। भारी रकम की डिमांड की गयी। फेसबुक पर कोई भी किसी को ठग सकता है। लालच के चक्कर में आपको इनाम देने के लिए कोई महिला आपके घर पर किसी कंपनी की तरफ से इनाम देने आ रही है लेकिन आप ब्लैकमेलिंग का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में किसको समझाए। पिछले दिनों यूके की एक प्राइवेट एजेंसी ने भारत पर जामतारा और मेवात जैसे इलाकों को लेकर साइबर क्राइम के प्रति रिपोर्ट प्रकाशित की और बताया कि किस तरह हैकिंग का खेल चल रहा है।

### सदन से सड़क तक हंगामेंबाजी

सदन से सड़क तक सिर्फहंगामेबाजी चल रही है। अड़ानी से लेकर पुरानी पेंशन को लेकर विपक्ष और सरकारी कर्मचारी सरकार से रार करने को तैयार है। जनता जर्नादन बीच में केवल तमाशा देख रही है। ऐसे में जो कुछ देश में चल रहा है उससे देश के विकास का रास्ता तो बाधित हो ही रहा है आम जनमानस से जुड़ी समस्याएं जैसे महंगाई और बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। कुल मिलाकर सदन से सड़क तक जो कुछ भी चल रहा है उसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष की बराबर जिम्मेदारी बनती है। संसद का बजट सत्र में दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है। जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें क्षमा याचना करनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि ऐसा होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं। जैसे इसके आसार नहीं कि राहुल गांधी माफी मांगेंगे, वैसे ही इसके भी नहीं कि मोदी सरकार अदाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की विपक्ष की मांग मानने के लिए तैयार हो जाएगी। इसका एक कारण तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा कर चुका है और दूसरा यह कि वित्तीय मामलों में अब तक गठित संयुक्त संसदीय समितियों ने जांच के नाम पर या तो लीपापोती की है या फिर दलगत राजनीति का शिकार हुई। अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की विपक्ष की मांग का मुख्य उद्देश्य इस मामले को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखना है। चूंकि सरकार विपक्ष के इस इरादे को भांप चुकी है, इसलिए वह उसकी मांग पर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं। संसद के इस सत्र में केवल बजट पर ही बहस नहीं होनी है, बल्कि कम से कम तीन दर्जन विधेयक भी पारित होने हैं। इनमें से कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। यदि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते प्रस्तावित विधेयक पारित नहीं हो पाते तो यह एक तरह से राष्ट्र की राह रोकने वाला काम होगा। उचित यह होगा कि सत्तापक्ष और विपक्ष यह समझें कि संसद में गतिरोध की स्थिति पैदाकर वे जनता को निराश करने का ही काम कर रहे हैं। भारत की संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में संसद इस प्रकार सार्वभौम है कि इसके ऊपर संविधान के मूल ढांचे को बनाये रखने का दायित्व है। अत: लोकतन्त्र के सभी आधारभूत स्तम्भों को सतत् जीवन्त बनाये रखने की जिम्मेदारी भी इसके कन्धों पर है। इसलिए जब भी संसद में गतिरोध बनता है तो उसके असर से पूरी लोकतान्त्रिक प्रशासनिक व्यवस्था जड़वत स्थिति में पहुंच जाती है। हमारे संविधान निर्माताओं ने संसद के भीतरी ढांचे को इसीलिए सत्तारूढ़ सरकार से निरपेक्ष रखने की प्रणाली अपनाई जिससे राजनैतिक आधार पर गठित संसद के भीतर जो भी कार्य हो वह पूर्णत: पारदर्शी तरीके से हों और इसके सदस्य सभी सांसदों के अधिकार एक समान हों। संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा के अध्यक्षों को संसद की कार्यवाही को न्यायिक समीक्षा से ऊपर रखने हेतु ही न्यायिक अधिकार भी दिये गये और उन्हें सांसदों के अधिकारों का संरक्षक भी बनाया गया। अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय उन्हें सरकार की सत्ता के प्रभाव से भी विमुक्त रखा गया और संसद की कार्यवाही चलाने के नियमों का उन्हें प्रतिष्ठाता बनाया गया। अत: कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी के लन्दन में दिये गये जिस बयान को लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है उसे संसदीय कार्यवाही के नियमों के तहत दोनों सदनों के अध्यक्षों को मिले सर्वाधिकारों से जोड़ कर देखना होगा। संसद के हर सदस्य को इसके भीतर अपने विचार रखने की छूट है, बशर्ते अध्यक्ष इसकी अनुमति प्रदान करें और वह कार्यवाही के नियमों से बंधे होते हैं।

# चीन और रूस की गहराती मित्रता

## अमेरिका और यूरोपीय देशों की चिंता का सबब

**संजीव ठाकुर**



भारत अब ह20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है इसका मतलब यह है कि वैश्विक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गए हैं। यदि पुतिन भारत आते हैं तो विश्व में भारत के कद का अलग नजरिया होगास रूस और चीन की गहराती दोस्ती से भारत के साथ-साथ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को नुकसान होने की संभावना है, चीन भारत का धुर विरोधी है और रूस परंपरागत मित्र ऐसे में यदि चीन के साथ रूस की जुगलबंदी होती है तो भारत को कूटनीतिक तौर पर थोड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता हैस क्वाड सम्मेलन के बाद अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान बंगाल की खाड़ी में युद्ध पोतों को भेजकर साझा सैन्य अभ्यास करने में जुट गए हैं। फ्रांस ने तो अपना युद्धपोत तथा लड़ाकू विमान भेज कर इसका आगाज भी कर दिया है। अमेरिका पहले से ही प्रशांत महासागर में अपने बेडें को तैनात कर चुका है। जापान जल्दी बंगाल की खाड़ी और प्रशांत महासागर में अपने युद्धपोत तथा लड़ाकू विमानों की रवानगी करेगा। चीन की विस्तार वादी खतरनाक नीतियों एवं मानव विरोधी हरकतों के कारण विश्व की बड़ी ताकतों को एकीकरण का मौका दे दिया है। चार देश तो किवाड़ सम्मेलन करके उसके खिलाफ अंदरूनी अपने अपने हितों की रक्षा के उपाय भी कर चुके हैं, पर क्वाड सम्मेलन से सबसे ज्यादा तकलीफचीन तथा रूस को हुई है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए चीन तथा रूस सामरिक महत्व के कारण एक दूसरे के काफी करीब आ गए और साझा सैन्य अभ्यास करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। अपरोक्ष रूप से चाइना ने रूस की तरफ अपना हाथ मित्रता का बढ़ा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों बड़े देश निकट भविष्य में प्रशांत महासागर मैं ही सैन्य अभ्यास सामरिक महत्व के लिए करने वाले हैं। मूलत क्वाड सम्मेलन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफचाइना और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफचाइना, अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए दीर्घकालिक परेशानी का सबब बन सकती है। चीन ने अपने देश में जिस तरह आंतरिक उत्पीड़न,तानाशाही और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाकर कर एक बंद तथा अमानवीय वातावरण निर्मित किया है, उससे वैश्विक रणनीति तथा राजनीति में दूरगामी परिणामों में बहुत ज्यादा फर्क पडने की संभावना बलवती हो सकती है। चीन में सेना में भर्ती होना नौजवानों के लिए स्वैच्छिक ना होकर अत्यंत आवश्यक है वहां हर नौजवान पर सेना में भर्ती होने का भीषण दबाव रहता है इसीलिए नौजवान खुशी से सेना में अपनी सेवाएं देने से घबराकर हिचकिचाते भी हैं। चीन पाकिस्तान को छोड़कर ना सिर्फभारत बल्कि अन्य पड़ोसी देशों के साथ पूरे विश्व में विस्तार वादी नीतियों के लिए कुख्यात है, और विगत दिनों भारत की लद्दाख की सीमा पर एल,ए,सी पर जो अतिक्रमण किया एवं दीर्घकालिक भारतीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर कुछ पीछे जाकर केवल औपचारिकता ही पूरी की हैं। संपूर्ण रूप से वह पीछे नहीं हटा है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के पदाधिकारी किसी भी हालात में भारत को चौन से रहने नहीं देने पर अडिग हैं, पर भारत के संदर्भ में यह बात अत्यंत चिंतनीय की चाइना अपने वचन पर कभी भी यू-टर्न ले सकता है ।और चीन का सैन्य रक्षा बजट भारत के बजट से 5 गुना अधिक रखा गया है। इससे चीन के मंसूबे एकदम स्पष्ट हैं कि दक्षिण प्रशांत महासागर में वह कुछ भी सैन्य कार्यवाही कर सकता है। इतने बड़े रक्षा बजट बनाने के पीछे उसकी युद्ध करने की मंशा और संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, वैसे भी अमेरिका के राष्ट्रपति जोफबाइडेन के नेतृत्व में बनी सरकार अपनी चिंता चाइना को लेकर स्पष्ट जता चुकी है कि चीन की सामरिक शक्ति एवं उदारवादी नीति पूरे विश्व के लिए खतरा बन सकती है। चीन अन्य देशों के साथ साथ अमेरिका जैसी महाशक्ति एवं सहयोगी देशों के लिए भी धीरे-धीरे खतरनाक होते जा रहा है ।अमेरिका में रक्षा विभाग पेंटागन के अनुसार चीन ने 21वीं सदी में दीर्घकालिक रणनीतिक एवं सामरिक खतरा पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा की चीन की अंतरिक कम्युनिस्ट पार्टी अपनी सरकार पर दबाव डालकर एल,ए,सी में अपनी भूमि बढ़ाने का काम तेजी से करने के प्रयास में है, एवं अपनी तमाम शक्तियों को बढ़ाने में लगा है । चीन एक तरफइंडो पेसिफिक संतुलन बिगड़ने की कोशिश में लगा हुआ है वहीं यह असंतुलन अमेरिका तथा उसके अन्य सहयोगी देशों के लिए अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालने और चिंता पैदा करने के लिए पर्याप्त है। अमेरिकी सैनिक विशेषज्ञ का कहना है की चीन अभी भी एल,ए,सी से उतना पीछे नहीं हटा है। जितना उसने पिछले कुछ दिनों में जमीन का विस्तार किया था । पिछले कुछ दिनों में एल,ए,सी में चीन द्वारा जमीन पर कब्जा तथा विस्तार किए जाने के बाद भारत और चीन के अधिकारियों से हुई वार्ता के परिणाम स्वरूप चीन तथा भारतीय सेना लद्दाख के पेंगांग के आसपास विवादित क्षेत्र के कुछ हिस्सों मे सैनिकों सहित पीछे हटी है। अंतरराष्ट्रीय सरकारी न्यूज एजेंसियों का कहना है कि चीन पर कभी विश्वास नहीं किया जा सकता,उस पर 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है। चीन की सामरिक शक्ति एवं कूटनीति के चलते वह मूलत: आक्रामक एवं विस्तार वादी नीति का बड़ा हिमायती है। और इस रणनीति में वह विश्व की बड़ी शक्तियों अमेरिका और रूस को भी डरा सकता है। इस तरह चीन के शासक और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी 21वीं सदी में वैश्विक अशांति का दूरगामी संदेश देते है, और इन गतिविधियों के चलते भारत को विशेष सतर्कता सामरिक क्षेत्र में बरतनी होगी। खासतौर पर जब क्वाड सम्मेलन से भारत की अमेरिका,जापान और ऑस्ट्रेलिया से बढ़ते निजी संबंधों के चलते मधुर संबंध स्थापित हो गए हैं, ऐसे में रूस जो भारत का परंपरागत मित्र है वह अमेरिकी शक्ति तथा उनकी नीतियों से खासा नाराज चल रहा है। वह अब भारत से भी अमेरिकी संबंधों के चलते बहुत खुश नहीं है।

# संसद में गतिरोध टूटना जरूरी



भारत की संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में संसद इस प्रकार सार्वभौम है कि इसके ऊपर संविधान के मूल ढांचे को बनाये रखने का दायित्व है। अत: लोकतन्त्र के सभी आधारभूत स्तम्भों को सतत् जीवन्त बनाये रखने की जिम्मेदारी भी इसके कन्धों पर है। इसलिए जब भी संसद में गतिरोध बनता है तो उसके असर से पूरी लोकतान्त्रिक प्रशासनिक व्यवस्था जड़वत स्थिति में पहुंच जाती है। हमारे संविधान निर्माताओं ने संसद के भीतरी ढांचे को इसीलिए सत्तारूढ़ सरकार से निरपेक्ष रखने की प्रणाली अपनाई जिससे राजनैतिक आधार पर गठित संसद के भीतर जो भी कार्य हो वह पूर्णत: पारदर्शी तरीके से हों और इसके सदस्य सभी सांसदों के अधिकार एक समान हों। संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा के अध्यक्षों को संसद की कार्यवाही को न्यायिक समीक्षा से ऊपर रखने हेतु ही न्यायिक अधिकार भी दिये गये और उन्हें सांसदों के अधिकारों का संरक्षक भी बनाया गया। अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय उन्हें सरकार की सत्ता के प्रभाव से भी विमुक्त रखा गया और संसद की कार्यवाही चलाने के नियमों का उन्हें प्रतिष्ठाता बनाया गया। अत: कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी के लन्दन में दिये गये जिस बयान को लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है उसे संसदीय कार्यवाही के नियमों के तहत दोनों सदनों के अध्यक्षों को मिले सर्वाधिकारों से जोड़ कर देखना होगा। यहां यह तथ्य बहुत महत्वपूर्ण है कि सत्तारूढ़ दल और विरोधी दलों के बीच बंटी संसद में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। विपक्षी दल सरकार का विरोध केवल अपना विरोध दर्ज कराने के लिए न कर सकें और सत्तारूढ़ दल केवल अपनी हुकूमत का रुआब दिखाने के लिए संसदीय कार्यवाही को अपने कब्जे में लेने के लिए न कर सके, इसके लिए सदनों के अध्यक्षों को न्यायाधीश की भूमिका दी गई जिससे वे यह फैसला कर सकें कि कोई भी पक्ष अपने दायित्व से न भाग सके। वर्तमान में संसद के दोनों सदनों में सत्तारूढ़ दल यह मांग कर रहा है कि राहुल गांधी पहले लन्दन में दिये गये अपने बयान पर माफी मांगें और विपक्षी दल यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें दोनों सदनों के नियमों के अतर्गत स्थागन प्रस्ताव रखने की अनुमति दी जाये जिससे वे अपने मुद्दों पर संसद में बहस कर सकें, उससे संसद की सार्वभौमिकता ही विवाद में आती लग रही है। संसद के हर सदस्य को इसके भीतर अपने विचार रखने की छूट है, बशर्ते अध्यक्ष इसकी अनुमति प्रदान करें और वह कार्यवाही के नियमों से बंधे होते हैं। इन्हीं नियमों के तहत वह किसी भी सांसद को अपना वक्तव्य या विचार रखने की अनुमति देते हैं। राहुल गांधी के मामले में सत्तारूढ़ पक्ष के सांसदों ने बढ़त ले ली है और उन्होंने दोनों सदनों में उन पर आरोप लगाये हैं कि लन्दन में दिया गया उनका बयान देश की तौहीन करने वाला है अत: वह पहले माफी मांगे। मगर राहुल गांधी मांग कर रहे हैं कि संसद की कार्यवाही की नियमावली के अनुसार उन्हें अपने ऊपर लगाये गये आरोपों का स्पष्टीकरण देने के लिए समुचित अवसर दिया जाये क्योंकि उनके ऊपर आरोप सत्तारूढ़ दल के जिन सदस्यों ने लगाये हैं उनमें चार तो मन्त्री हैं। पेंच यहीं आकर फंसता है क्योंकि राहुल गांधी के बयान की संसद में तसदीक हुए बिना उन्हें दोषी सिद्ध नहीं किया जा सकता और विपक्ष यह मांग भी कर रहा है कि लोकसभा के नियमों के अनुसार इस मामले में कार्रवाई हो। अर्थात जो भी बयान राहुल गांधी ने दिया है आरोप लगाने वाले संसद सदस्य उसका सत्यापन भी करें। मगर राहुल गांधी लोकसभा के साधारण सदस्य हैं। संसद से बाहर वह कोई भी वक्तव्य देने के लिए स्वतन्त्र हैं। यदि विदेश में दिये गये उनके किसी बयान में राष्ट्र अवहेलना का भाव है तो संसद में उसकी तसदीक किये जाने का अधिकार किसी भी अन्य संसद सदस्य को है। मगर यह सिद्ध करने के लिए भी उन्हें संसद में बोलने का अवसर दिया जाना इसलिए जरूरी है जिसके संसद के अध्यक्ष किसी नतीजे पर पहुंच सकें और उन सांसदों की मांग पर विचार कर सकें जो उनसे माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष का अपना-अपना राजनैतिक गणित हो सकता है मगर इस मुद्दे पर संसद को ही अप्रासंगिक नहीं बनाया जा सकता क्योंकि अंत में संसद के भीतर ही यह तय हो सकता है कि राहुल गांधी का वक्तव्य किस श्रेणी में रखा जाये। अत: संसद के गतिरोध को तोड़ने के लिए अब दोनों सदनों के अध्यक्षों को ही अग्रणी भूमिका निभानी होगी और सत्तापक्ष व विपक्ष के नेताओं को संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए बाध्य करना होगा। सवाल उठना लाजिमी है कि जब संसद में विधेयक शोर- शराबे के बीच ही पारित हो जाते हैं तो यह ऐसा बड़ा मुद्दा नहीं है जिस पर संसद की कार्यवाही को लगातार लम्बित रखा जाये। यह मामला जितना लम्बा खिंचेगा उतना ही लोकतन्त्र का नुक्सान होगा और भारत की जनता यह सोचने पर मजबूर होगी कि संसद केवल नारेबाजी का अखाड़ा बनती जा रही है। संसद की गरिमा को बनाये रखने की जिम्मेदारी सत्तारूढ़ व विपक्ष दोनों की ही है क्योंकि इसी वर्ष के भीतर भारत में जी-20 देशों का सम्मेलन हो रहा है और शंघाई में सहयोग संगठन के देशों की बैठक भी होनी है। हम लगातार यह उद्घोषित करते हैं कि भारत लोकतन्त्र की जननी है अत: भारत के 130 करोड़ से अधिक लोगों की चुनी हुई सबसे बड़ी संस्था संसद से इसकी प्रतिध्वनी की गूंज पूरे विश्व को सुनाई देनी चाहिए। अत: विपक्ष व सत्तापक्ष को अपना विवाद जल्दी से जल्दी समाप्त करना चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ने जो कुछ कमाया था उसे लंदन में गंवा दिया

**अजय कुमार**



राहुल गांधी लोकसभा तक को अपनी सियासत का अखाड़ा बनाने से नहीं चूकते हैं, एक तो राहुल गांधी लोकसभा में आते ही बहुत कम हैं और आते भी हैं तो वह लोकसभा के भीतर गुरिल्ला शैली में इंट्री करते हैं और अपनी बात कहकर नौ-दो ग्यारह हो जाते हैं। कांग्रेस की कमान एक गैर गांधी नेता के हाथों में जाने के बाद भी ऐसा लगता नहीं है कि कांग्रेस के भीतर कुछ बदला है। आज भी कांग्रेस की सियासत गांधी परिवार के ही इर्दगिर्द घूम रही है। राहुल गांधी ही कांग्रेस का फेस बने हुए हैं। वहीं कांग्रेस के नये अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, गांधी परिवार के यस मैन से अधिक नजर नहीं आ रहे हैं। यदि यह कहा जाए कि गांधी परिवार ने पार्टी पर अपना वर्चस्व बनाये रखने और कांग्रेस की असफलता का ठीकरा खड़गे पर फोड़ने के लिए उनके (खड़गे) कंधों का सहारा लिया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उधर, खड़गे और उनकी 'टीम' का अधिकांश समय गांधी परिवार उसमें भी राहुल गांधी के बचाव में गुजर जाता है। यह वह नेता हैं जो अपनी सियासत को बचाए रखने के लिए कांग्रेस को गर्त में झोंक देने से भी परहेज नहीं करते हैं। वहीं राहुल गांधी एक के बाद एक विवाद पैदा करते जाते हैं। उनकी बचकानी हरकतें थमने का नाम ही नहीं लेती हैं। यही वजह है राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जो कुछ 'कमाया' था उसे उन्होंने ब्रिटेन में विवादित बयान देकर गंवा दिया। बयान भी ऐसा वैसा नहीं। वह बाहरी ताकतों से हिन्दुस्तान के लोकतंत्र को बचाने की फरियाद कर रहे हैं। देश की संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करना, उद्योगपतियों का अपमान करना, संसद और स्पीकर की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा करना, देश के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों को बार-बार अपमानित करना, विरोधियों को अनाप-शनाप तरीके से आरोपी बनाना, चीन जो हमेशा भारत को आंखें दिखाता है उसका महिमामंडन करना राहुल गांधी का शगल बन गया है। राहुल गांधी लोकसभा तक को अपनी सियासत का अखाड़ा बनाने से नहीं चूकते हैं, एक तो राहुल गांधी लोकसभा में आते ही बहुत कम हैं और आते भी हैं तो वह लोकसभा के भीतर गुरिल्ला शैली में इंट्री करते हैं और अपनी बात कहकर नौ-दो ग्यारह हो जाते हैं। वह यहां तक आरोप लगाते हैं कि लोकसभा में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि राहुल गांधी किसी भी विषय पर पांच-दस मिनट गंभीरता से बोलने की कूवत ही नहीं रखते हैं। इसीलिए वह अपनी भड़ास देश के बाहर जाकर निकालते हैं। अब तो कांग्रेस में यह चलन बन गया है कि जब भी लोकसभा का सत्र शुरू होता है, किसी न किसी मुद्दे पर हंगामा खड़ा करके संसद नहीं चलने देते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के समय राहुल गांधी राफेल फाइटर विमान खरीद में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मोदी के खिलाफचौकीदार चौर है का नारा दे रहे थे तो 2024 के चुनाव आते-आते इसे उद्योगपति अडानी और मोदी से जोड़ कर मोदी को चोर बता रहे हैं। मर्यादा तो तब तार-तार हो गई, जब राहुल गांधी ने ब्रिटेन दौरे पर वही पुराना बेसुरा राग छेड़ा कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो रहा है। उन्होंने पश्चिमी देशों से भारत में लोकतंत्र की कथित बहाली को लेकर हस्तक्षेप करने तक का अनुरोध कर दिया। वह यह भूल गए कि जिस ब्रिटेन में वह भारत की बदनामी कर रहे थे उसी ब्रिटेन ने आजादी से पहले भारतवासियों के साथ जानवरों से भी बुरा सलूक किया था। स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को दस वर्ष से अधिक तक काल कठोरी में रखा गया, उन्हें कोल्हू में बैल की जगह जोता जाता था। क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राज मंगल पाण्डेय जैसे तमाम आजादी के मतवालों को मौत के घाट उतार दिया गया। उसी ब्रिटेन और अन्य विदेशी ताकतों से राहुल गांधी हिन्दुस्तान के लोकतंत्र को बचाने की नौटंकी कर रहे हैं जो पूरी तरह से भारत के आंतरिक मामलों में दखल दें। बकौल राहुल गांधी, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, यहां लोकतंत्र पर आघात का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा।' कितनी हैरानी की बात है कि जिस पार्टी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, उसी पार्टी का एक नेता ब्रिटेन, अमेरिका और अन्य यूरोप देशों से भारत के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप का अनुरोध कर रहे हैं। बड़ी विडंबना यह है कि यह सब स्वतंत्रता के अमृतकाल में हो रहा है और यह सब वह शख्स कर रहा है जो कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय संसद से पास बिल को फाड़ देता है। पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ चलाये जा रहे आतंकवाद और उसके आतंकवादियों के द्वारा किए गए बम धमाकों से हुई हमारे जवानों की मौतों को इसके द्वारा बम धमाके में हुई मौत बताया जाता है। हिन्दुस्तानी सेना जब पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करती है तो राहुल और उनके करीबियों द्वारा इसके सबूत मांगे जाते हैं। कांग्रेस के ही एक पीएम कहते हैं देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। स्वयं घोटाले के आरोप में बेल पर बाहर घूम रहे राहुल गांधी को चीन की विस्तारवादी नीति काफी रास आती है। वह चीन की कम्युनिस्ट सरकार की शान में कसीदे पढ़ते हैं। उसके नेताओं से चुपके-चुपके मिलते हैं। इस बात पर किसी को एतराज नहीं है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बड़े आलोचक बन गए हैं, लेकिन जब सह संघ और मोदी की आड़ में देश से खिलाफत करेंगे तो उनसे सवाल तो पूछा ही जाएगा और माफी मांगने को भी कहा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति उनकी घृणा उनके भाषणों में सामान्य रूप से ध्वनित होती है। इसमें अक्सर वह ऐसा कह जाते हैं, जिसका सच से कोसों नाता नहीं होता। उनके सिलसिलेवार झूठ के तमाम उदाहरण हैं। वह बिना किसी सबूत के झूठ पर झूठ बोलते रहते हैं और गांधी परिवार की चाटुकारिता करने वाले नेता उनकी सही-गलत बात पर वाहवाही करते और ताल ठोंकते रहते हैं। राहुल कहते हैं जीएसटी को बिना बहस के पारित कर दिया गया। शायद उन्हें पता ही नहीं कि जीएसटी का विचार सबसे पहले यूपीए की सरकार ने ही रखा था। इसी प्रकार नोटबंदी पर वह हंगामा मचाते हैं जबकि नोटबंदी के बाद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में जनता ने बीजेपी को बड़े अंतर से जिताया था। जबकि संसद ने 101वें संविधान संशोधन के माध्यम से जीएसटी पर मुहर लगाई थी। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक देश में कायम रहे कांग्रेस राज में नेहरू-गांधी परिवार की अलोकतांत्रिक गतिविधियों की लंबी सूची है। इसकी शुरुआत जवाहरलाल नेहरू के दौर से ही शुरू हो गई थी, जिन्होंने संविधान के प्रथम संशोधन के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर 'युक्तियुक्त निर्बंधन' लागू किए। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा गांधी के सुझाव पर नेहरू ने 1959 में केरल की कम्युनिस्ट सरकार को अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग से हटाकर राष्ट्रपति शासन लगाया। इसमें दूसरे दलों के उभार से अप्रसन्नता का भाव निहित था। इंदिरा गांधी ने आपातकाल की तानाशाही में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कैद कराया। संसद और न्यायपालिका को बंधक बनाया। जबरन नसबंदी का आक्रामक अभियान चलाया, जिसमें मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया। जब राजीव गांधी का नाम बोफोर्स घोटाले में आया तो मीडिया की आवाज दबाने के लिए वह 1988 में एक दमनकारी कानून लेकर आए। ऐसे अलोकतांत्रिक कृत्यों की सूची अंतहीन है। ऐसे में कांग्रेस के किसी नेता विशेषकर गांधी परिवार के सदस्य को यह शोभा नहीं देता कि वह लोकतंत्र की विशेषताओं को लेकर कोई उपदेश दे। दरअसल, राहुल गांधी की समझ लगातार देश विरोधी बनती जा रही है। वह विदेश में जाकर देश को हिन्दू आतंकवाद से खतरा बताते हैं। यूपीए की मनमोहन सरकार रामसेतु और भगवान राम के अस्तित्व को नकारती है तब राहुल चुप रहते हैं। राहुल के अनुसार आरएसएस एक गुप्त संगठन है जो लोकतंत्र के अवमूल्यन में लगा है। वह भूल जाते हैं कि पंडित जवाहरल लाल नेहरू तक संघ के समाजिक कार्यों की तारीफ कर चुके हैं। राहुल के लिए यह याद रखना भी आवश्यक है कि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल के रूप में जो फासीवादी शासन थोपा था, उसमें संघ के 3,254 लोग जेल गए थे। आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 772 नेता जनसंघ के कैद किए गए थे। उन्हें उत्पीड़नकारी कानून मीसा के अंतर्गत कैद किया गया था। ऐसे में सवाल उठता है कि देश में असली फासीवादी कौन है? राहुल का दावा है कि संसद में विपक्षी सांसदों की आवाज दबाई जा रही है और सरकार की आलोचना पर सांसदों के माइक बंद कर दिए जाते हैं। यह दावा नितांत निराधार है।पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के अनुसार, गत वर्ष शीत सत्र में राहुल की उपस्थिति नगण्य थी। इस बजट सत्र में उनकी उपस्थिति सुधरने के बाद मात्र 40 प्रतिशत हुई है। पिछले साल वह संसद में केवल एक बार बोले। उनका एक दावा यह भी है कि मोदी सरकार उनके फोन टैप करा रही है और उनकी सरकार में ऐसा नहीं होता था। यह दावा ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जिनके परिवार के शासन में मलय कृष्ण धर सहित आइबी के तमाम अधिकारियों ने फोन टैपिंग और अन्य शरारतपूर्ण गतिविधियों के साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। मोदी और सिखों को लेकर उनका प्रलाप इन सभी झूठों से भी बदतर है। कैंब्रिज में उन्होंने कहा कि मोदी 'देश को बांट रहे हैं।' उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एक सिख की ओर संकेत करते हुए कहा कि मोदी की नजरों में अल्पसंख्यक दोयम दर्जे के नागरिक हैं। यह न केवल भ्रामक, बल्कि छल-कपट से भी ओतप्रोत है। यह विभिन्न वर्गों में विभाजनकारी प्रवृत्ति को भड़काने का प्रयास है, जिसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। राहुल भले ही लोकतंत्र के प्रति अपनी पार्टी की संदिग्ध प्रतिबद्धताओं को अनदेखा करने का प्रयास करें, लेकिन उनके पास ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं जिससे वह देश के करोड़ों लोगों को अतीत की बातें भुलाने में सफल हो जाएं। भारत के आंतरिक मामलों में दखल से जुड़ी राहुल गांधी की विनती सुनकर डॉ. बीआर आंबेडकर की दूरदर्शिता याद आती है। आंबेडकर ने राष्ट्र और भावी पीढ़ियों को विश्वासघात के परिणामों को लेकर आगाह किया था।

# स्वतंत्र देव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया जल जागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ किया

संवाददाता



लखनऊ। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने विश्व जल दिवस पर प्रदेश भर में जल संचयन और जल संरक्षण का संदेश दिया। लखनऊ के कुड़ियाघाट पर जल मार्च निकाला गया तो बाराबंकी के मजीठा ग्राम पंचायत में जल जागरूकता चौपाल लगाई गई। जल बचाने का संकल्प बड़ी संख्या में लोगों को दिलाया गया। गोण्डा के सरकारी स्कूलों में जल जागरूकता कक्षाएं लगाई गईं। जिसमें स्कूली बच्चों ने जल है तो कल है और बूंद-बूंद जल बचाना है जैसे नारे लगाए। सुबह से शुरु हुई जल बचाने का संदेश देने की मुहिम प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, सुल्तानपुर, बलरामपुर, गौतमबुधनगर, संभल, गाजीपुर, हापड़, गोण्डा समेत राज्य के सभी जिलों में जारी रही। आयोजनों के दौरान ग्रामीणों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को जल से संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे सुरक्षित पेयजल, भूजल पुनर्भरण, जल संरक्षण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल की उपयोगिता और विशेषता का महत्व बताया गया। राज्य के सभी जिलों में जल जागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ बाराबंकी में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के हरी झण्डी दिखाने के साथ हुआ। स्थानीय लोगों और सामाजिक संस्थाओं ने नदियों किनारे जल मार्च निकाले। ग्राम पंचायत स्तर पर जल जागरूकता चौपाल हुईं और सरकारी स्कूलों में जल जागरूकता कक्षाएं लगाईं। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ग्राम पंचायत मजीठा पहुंचकर जल उत्सव में भाग लिया। उन्होंने यहां कहा कि पानी नहीं मिलेगा तो जीवन नहीं बचेगा। इसलिए जल बचाना हमारा दायित्व है। बरसात का पानी जमीन के अंदर जाए, घर का पानी सोख्ता के रूप में जमीन में जाए तभी जल बचेगा। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को जल संरक्षण और जल संचयन के महत्व की जानकारी दी। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से हर घर तक जल पहुंचाने की योजना से ग्रामीणों को मिल रहे लाभ भी बताए। आयोजन में पानी जांच का काम कर रही महिलाएं, आईएसए एजेंसी के कार्यकर्ता, पीएमसी के प्रमुख, जल निगम के अधिकारी समेत स्थानीय लोगों ने भाग लिया। लखनऊ में गोमती किनारे कुड़ियाघाट पर आईएसए कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों के साथ नदी किनारे दो किमी पैदल चल कर जल मार्च निकाला। जल संरक्षण पर काम करने समाजसेवियों ने गीतों और कविता के माध्यम से जन-जन तक जल जागरूकता की जानकारी दी। राज्य के अन्य जिलों में भी इस तरह के आयोजन हुए। सरकारी स्कूलों में जल जागरूकता कक्षाओं का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापकों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने जल जागरूकता से संबंधित प्रश्न पूछे गये। विभिन्न खेलों के माध्यम से जल संचयन और जल संरक्षण का महत्व बताया गया।

# किसानों पर आई आपदा को गम्भीरता से नहीं ले रही सरकार : रालोद

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों पर अचानक आयी दैवीय आपदा को गंभीरता से नहीं ले रही है । प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों को राहत देने का बयान केवल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करा रहे है जबकि वास्तविकता यह है कि विगत 4 दिनों से प्रदेश के सभी जनपदों के सभी प्रकार के किसानों पर आफत आई हुई है और किसी भी जिले के अधिकारी ने फौरी राहत के नाम पर किसी भी किसान को अब तक एक रुपये की भी सहायता प्रदान नहीं की है। किसानों को पहले फौरी राहत मिलनी चाहिए और फिर उसके सम्पूर्ण नुकसान की भरपाई आकलन के माध्यम से होनी चाहिए। श्री राय ने कहा कि किसानों को फसल बीमा के नाम पर भी केवल लूटा गया है और उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए मात्र 129 रूपये के चेक दिये गये हैं जिसको बीमा योजना न कहकर उपहास योजना का नाम देना ज्यादा बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि विगत दोनो पंचवर्षीय योजनाओं में किसानों को सम्मान निधि के नाम पर 6000 रुपये वार्षिक दिया गया और उनसे बिजली बिल की बढोत्तरी, डीजल मूल्य की बढोत्तरी, रसोई गैस की बढोत्तरी और खाद तथा उर्वरक के द्वारा 18000 रुपये अधिक वार्षिक वसूला जा रहा है जो डबल इंजन सरकार का किसानों के प्रति क्रूर व्यवहार कहा जायेगा।रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्येक जनपद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर प्रदेश के शासन और प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से जगाने का काम करेंगे। यह ज्ञापन जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा ताकि किसानों के आंसू पोंछने के लिए मुख्यमंत्री की मुआवजा देने की घोषणा धरातल पर उतर सके। अभी तक प्रत्येक मोड पर सरकार का रवैया किसान विरोधी रहा है। वर्तमान ओलावृष्टि और बरसात के फलस्वरूप रबी की फसल के साथ साथ दलहन और तिलहन की फसले भी बर्बाद हुयी हैं। आम के बागों का बौर टूट कर गिर गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रदेश सरकार ने शीघ्र ही किसानों की सुध नहीं ली तो वृहद स्तर पर राष्ट्रीय लोकदल धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

# इंजीनियर और नेताओं के प्रॉपर्टी की जांच होगी

## बिजली विभाग संपत्ति का ब्यौरा जुटाएगा, आंदोलन में शामिल लोग निशाने पर

संवाददाता



लखनऊ। पावर कॉर्पोरेशन हड़ताल के बाद अब इंजीनियर और कर्मचारियों पर सख्ती करने जा रहा है। अब वह विभागीय इंजीनियर और कर्मचारियों की प्रॉपर्टी की जांच करेगा। इसमें आय से ज्यादा संपत्ति मिलने पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इसमें ज्यादातर पहले उन लोगों की जांच होगी जो कि हड़ताल में शामिल थे। सूत्रों का कहना है कि चेयरमैन ने सबको टारगेट करने का प्लान किया है। दरअसल, विभाग को हर साल इंजीनियर और कर्मचारी अपनी प्रॉपर्टी का ब्योरा देते हैं। अब इसका वेरिफिक्रेशन कराया जाता है। पहले ही विभाग के 9 इंजीनियर इस मामले में फंसे हैं। हालांकि दो साल से ज्यादा होने के बाद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि वह अपने रसूख का इस्तेमाल कर फाइल दबा चुके हैं। अब हड़ताल का नेतृत्व करने वालों की जांच सतर्कता विभाग करेगा। ताकि भ्रष्टाचार के आरोपियों के खिलाफजल्द कार्रवाई की जा सके। आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच के कारण इंजीनियरों के प्रमोशन पर भी रोक लगाई गई थी। पिछले एक साल में विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप में करीब 50 से ज्यादा लोगों को नौकरी से हटाया जा चुका है। इनकम टैक्स विभाग इस मामले में बिजली विभाग की मदद करेगा। कम समय में ज्यादा संपत्ति बनाने वालों पर विभाग की खास नजर है। पड़ताल के दायरे में इंजीनियरों और कर्मचारियों द्वारा रिश्तेदार और करीबियों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को भी लाया जाएगा। बताया जा रहा है कि अभी तक करीब 200 से ज्यादा लोगों की सूची बनाई गई है। इसमें जेई संगठन, अभियंता संघ और कर्मचारी संगठनों के नेता शामिल हैं।

# फसल बीमा के नाम पर किसानों से मजाक

## 5 बीघा फसल का मिला 129 रुपये का मुआवजा

संवाददाता

लखनऊ। बाढ़ में बर्बाद हुई किसानों की खरीफ की फसल के बीमा में 5 बीघा बाजरा का मात्र 129 रुपये का मुआवजा मिला। पिछले साल आई बाढ़ में किसानों की फसलें बर्बाद हो गई थीं।जिले के चकरनगर, बढ़पुरा, नगला तौर समेत कई क्षेत्रों में बरसात और बाढ़ से खरीफ की फसल का पूरी तरह से जलमग्न हो गई थी। जिले में करीब दो दर्जन ऐसे किसान हैं जिनको मुआवजे के नाम पर मात्र 129 से 400 रुपये फसल का मुआवजा मिला है। आठ ब्लॉक से लगभग 12,315 किसानों की खरीफ की फसल का बीमा करवाया था, कई बीघा फसल का दो दर्जन से अधिक किसानों को 400 सौ रुपये से कम, कुछ किसानों को तो 129 रुपये मुआवजा मिला। किसानों का कहना है कि सरकार और बीमा कंपनियों ने हम किसानों के साथ मजाक किया है।नोडल अफसर और कृषि उपनिदेशक ने फसल बीमा कंपनी से मिले मुआवजे की जांच करवाने के निर्देश दिए है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम से चल रही बीमा योजना जिसमें किसान अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं, जिसमें फसल को होने वाले प्राकृतिक नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी के द्वारा किसानों को प्रदान की जाती है, लेकिन योजना पर प्राइवेट बीमा कंपनियां करोड़ों का चूना लगा रही हैं।बीमा की किश्त वसूलने वाली कंपनी किसानों को राहत देने के नाम पर मजाक बना रखा ह। इटावा में खरीफ की फसल में प्रमुख तौर पर बाजरा, मक्का की पैदावार होती है। इटावा के चकरनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत चंबल और यमुना नदी होने की वजह से वहां बाढ़ के हालात बन गए थे जिसमें हजारों बीघा जमीन जलमग्न हो गई, फसलें नष्ट हो गई थी। किसानों को उम्मीद थी कि उनकी फसल का बीमा होने की वजह से उन्हें पैसे मिल जाएंगे। इन किसानों ने यूनिवर्सल सोंपों जनरल इंश्योरेंस कंपनी से फसल का बीमा कराया था,जिसने फसल बीमा के नाम पर हजारों रुपये प्रीमियम के साथ लगभग 3 करोड़ रुपये से अधिक रुपया वसूला था, लेकिन किसानों की बाढ़ में हुई फसलों के नुकसान पर भरपाई करने हेतु मुआवजा के नाम पर मजाक कर दिया।चकरनगर तहसील के डिभौली के किसानों को 129 रुपये का मुआवजा देकर उनके साथ खिलवाड़ किया गया है। डिभौली गांव के निवासी राकेश कुमार ने कहा कि उन्होंने 5 बीघा खेत में बाजरा की फसल बोई थी ।बाजरा पूरा तैयार हो गया, बालें लगी हुई थी, लेकिन तभी बाढ़ आ गई और पूरी फसल हमारी नष्ट हो गई। फसल का बीमा हो चुकाथा, हम निश्चिंत थे कि हमारे नुकसान की भरपाई हो सकेगी, लेकिन जब बीमा कंपनी ने मुआवजा दिया तो मात्र 129 रुपये दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ से अधिक के रेल राजस्व की वसूली की गई

संवाददाता, लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बर प्रताप सिंह के नेतृत्व में लखनऊ मंडल के वाणिज्य विभाग के 12 टिकट जॉंच कर्मियों ने वर्ष 2022 (जनवरी-दिसम्बर) में यात्री आय की वृद्धि में व्यक्तिगत स्तर पर सर्वाधिक टिकट जॉंच मामलों में एक और मील का पत्थर हासिल किया है। जिसमें मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर टिकट जॉंच के दौरान अनियमित यात्रा और बिना बुक किए सामान आदि के जॉंच के मामलों से रिजवानउल्लाह, टीटीआईध्गोरखपुर एवं जगप्रीत सिंह टीटीआईध्गोरखपुर ने 02 करोड़ से अधिक तथा डा. अजय सिंह टीटीआई/गोण्डा, बसंत होरो सीटीआई/गोरखपुर, विवेक कुमार सिंह टीटीआई/गोरखपुर, आर.एच. अन्सारी टीटीआई/गोण्डा, पूजा टीटीआई/लखनऊ जं., अखिलेश कुमार सिंह टी.ई/गोरखपुर, पवन कुमार यादव टीटीआई/गोरखपुर, हारून खलील खान टीटीआई/बस्ती, रोहित सचदेवा सीटीआई/गोरखपुर तथा राजेश कुमार श्रीवास्तव सीटीआई/गोरखपुर ने 01 करोड़ से अधिक के रेल राजस्व की वसूली की। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने मण्डल में टिकट जांच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टिकट चौकिंग स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए टिकट जांच महत्वपूर्ण है। जो रेलवे में बिना टिकट यात्रा और अनियमित यात्रा को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है एवं अनियमित यात्रा करने वालों पर एक निवारक प्रभाव के रूप में कार्य करती है।

### 25 हजार होमगार्ड जवानों का एक वर्ष के लिये पुलिस विभाग में पुनर्समायोजन

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगाड्र्स राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बताया है कि प्रदेश में आरक्षियों की रिक्तियों के सापेक्ष उनके स्थान पर कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिगत उपलब्ध 25 हजार होमगाड्र्स स्वयं सेवको को पुलिस विभाग में आरक्षियों की विद्यमान रिक्तियों के दृष्टिगत प्रदेश में शांति एवं कानून-व्यवस्था में सहयोग हेतु ड्यूटी पर नियोजित कर दिया गया है। साथ ही बताया कि प्रदेश की शांति एवं कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत दिनांक 1 अप्रैल से 31 मार्च (2024) तक के लिये अनुमति प्रदान की गयी है।

### विधायक योगेश शुक्ला के गांव पहाड़पुर पहुंचा नशामुक्ति का अमृत कलश

संवाददाता, लखनऊ। नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के लखनऊ जिला प्रभारी अनिल कुमार अग्रवाल एवं बीकेटी ब्लॉक प्रभारी नागेंद्र बहादुर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में नशामुक्त सेनानी अभिषेक अवस्थी को नशामुक्ति का अमृत कलश लेकर बीडीएस स्कूल पहाड़पुर पहुंचे। जिला प्रभारी के प्रतिनिधि अभिषेक ने बच्चों को नशे के दुष्परिणाम बताए। साथ ही उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी दोस्ती नशामुक्त दोस्ती रखने और अपना परिवार नशामुक्त परिवार बनाने के उपाय सुझाए। सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने आजीवन नशामुक्त रहने का संकल्प लिया। इस संकल्प सभा में जिला प्रभारी की तरफसे शिक्षकों को अभियान का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को अभियान के लालपत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में बीडीएस स्कूल के प्रबंधक अमरेंद्र दीक्षित एवं नशामुक्त सेनानी सुजीत सिंह मौजूद रहे।

### कर्मचारी 11 अप्रैल को सभी जिलों मे देंगे धरना, पेंशन बहाल की करेंगे मांग

संवाददाता, लखनऊ। इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा 11 अप्रैल को प्रदेश के 75 जनपदों में व्यापक धरना प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के माध्यम से प्रधानमंत्री को पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों पर ज्ञापन देंगे। इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र एवं महामंत्री प्रेमचंद्र ने बताया कि देशभर के सभी जनपद मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें पुरानी पेंशन की बहाली। आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मचारियों के लिए नीति बनाकर नियमित करना तथा भविष्य में आउटसोर्सिंग संविदा पर भर्ती बंद और सरकारी संस्थाओं कार्यालयों का निजीकरण बंद करने को कहा जाएगा। राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन जैसी प्रमुख मांगे हैं।

# बसपा व कांग्रेस खत्म, सपा को पीछे छोड़ेगी सुभासपा : राजभर

- ❑ निकाय चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी
- ❑ दिल्ली व पंजाब की तरह यूपी में मुफ्त मिले बिजली



संवाददाता

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि बसपा और कांग्रेस अब यूपी में खत्म हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव तक संगठन और कार्यकर्ताओं के बूत उनकी पार्टी समाजवादी पार्टी को पीछे छोड़ देगी। लोकसभा चुनाव में सुभासपा बड़ी भूमिका में होगी। इससे पहले निकाय चुनाव में पार्टी मजबूती से लड़कर नगर पंचायतों में अपने दम पर जीत दर्ज करेगी। दारूलसफा ए-ब्लाक कामन-हाल में आयोजित पार्टी की प्रदेश कमेटी की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि संगठन सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाता है। आंदोलन अभाव में चलता है। हमें अपने मुद्दों पर आंदोलन के लिए हर समय तैयार रहना है। आंदोलन ऐसा माध्यम है जिससे सीधे मतदाताओं को जोड़ा जा सकता है। पार्टी के जिलाध्यक्ष सक्रिय रहें और संगठनात्मक बैठकें करें। हर बूथ तक पार्टी नजर आनी चाहिए। यूपी के साथ ही सुभासपा की बड़ी पहचान बिहार में भी बन गई है। बिहार में पार्टी की ताकत बढ़ने से वहां सभी पार्टियां परेशान हैं। आज पूरे देश में यदि सुभासपा की चर्चा हो रही है तो वह पार्टी के संघर्षशील व कर्मठ कार्यकर्ताओं के बूते हो रही है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फूले व साहूजी महाराज के बताए रास्ते पर चलते हुए पार्टी को आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की आबादी महज 4 करोड़ है और वहां पर दो लाख बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। सुभासपा भी मुफ्त शिक्षा की लड़ाई लड़ रही है। सत्ता में आने पर इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब सरकार मुफ्त घरेलू बिजली दे सकती है तो यूपी में जनता को यह सुविधा क्यों नहीं दी जा सकती है। पूंजीपतियों के अरबों रुपये के कर्ज माफकर दिए जा रहे हैं यूपी में घरेलू बिजली का बिल माफहोना चाहिए। सभी गरीबों का इलाज बगैर किसी भेदभाव के मुफ्त में होना चाहिए। ओम प्रकाश राजभर ने सपा व बसपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये पार्टियां 20 वर्ष तक सत्ता में थीं, लेकिन जातीय जनगणना नहीं कराई। सुभासपा की सरकार बनते ही जातीय जनगणना कराई जाएगी। जो भी जातियां राजनीति से दूर है सुभासपा उन्हें अपने से जोड़ने के मुहिम में जुटी है। यूपी में अच्छी तादाद में होने के बाद भी राजनीति से दूर कचेर जाति के दिनेश कचेर को पार्टी ने जोड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेगी। मुस्लिम और दलित बिरादरी को जोड्ने के लिए अभियान चलाएगी। इस बैठक में सपा नेता पवन कश्यप ने सुभासपा की सदस्यता ली। मेरठ निवासी पवन कश्यप को पार्टी ने पश्चिमी यूपी का प्रदेश अध्यक्ष भी घोषित किया। बैठक में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा. अरविंद राजभर, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर, सालिक यादव, बिछेलाल राजभर, प्रेमचंद कश्यप, जयनारायण कुशवाहा, राधिका बिंद, बिमला कुशवाहा, प्रेरणा शाक्य, उषा शाक्य, रामललित चौधरी, संजय चौहान, इजहार अली, हरीश बंजारा, कालूराम प्रजापति, निकिता राजभर, प्रभाकर जायसवाल, राधिका पटेल, बल्ली चौधरी, संतोष पांडेय, सुजीत बंजारा, मनोज कोरी, सुशील लोधी आदि ने विचार व्यक्त किए।

# 13 वें एएमसी पुनर्मिलन समारोह और आर्मी मेडिकलकोर के 56 वें द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन

संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ में एएमसी सेंटरएंड कॉलेज, सेना के अधिकारियों, नर्सिंग अधिकारियों और पैरामेडिकल कर्मियों के सैन्य और तकनीकी प्रशिक्षण का उद्गम स्थल है और इसलिए हमेशा इस 13 वें एएमसी पुनर्मिलन समारोह और 56वें द्विवार्षिक सम्मेलन के सभी कार्यक्रमों का स्थान रहा है। एक द्विवार्षिक हर दो साल में आयोजित एक सम्मेलन है। यह कोर के कामकाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले प्रासंगिक मुद्दों पर आत्म निरीक्षण और विचार-विमर्श करने का समय है, जिसमें अग्रिम प्रौद्योगिकी को शामिल करना, सैन्य चिकित्सा पद्धतियों में क्रांति और छवि प्रबंधन के लिए स्वचालन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के संचार कौशल, स्वास्थ्य सेवा के कानूनी पहलू, कैडर प्रबंधन, प्रशिक्षण, कल्याण, जनशक्ति युक्ति करण और कैरियर योजना, सभी ग्राहकों की संतुष्टि के अंतिम उद्देश्य और कोर के आदर्श वाक्य-सर्वे संतुनिरामय के फ्ल के साथ शामिल हैं। सशस्त्रबल चिकित्सा सेवा की युद्ध के मैदान में और शांति काल के दौरान लड़ने वाले बलों के मनोबल को बनाए रखने के लिए पेशेवर उत्कृष्टता और अपार समर्पण की एकशानदार परंपरा है। एएफ्एमएस अंतर-सेवाएं की करण का एक मॉडल है जिसमें सेना, वायु सेना और नौ सेना की तीनों सेवाएं संयुक्त रूप से अपने ग्राहकों को व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान करने के कार्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। संयुक्त कौशल को बढ़ावा देने और तीनों सेवाओं के बीच सहयोग और समन्वय बढ़ाने के लिए सामान्य प्रशिक्षण दिया जाता है। युद्ध के मैदान पर एकीकृत चिकित्सा सहायता का इतिहास महाभारत के महान भारतीय महा काव्य के समय से है। हालाँकि, भारत में वर्तमान संगठित सैन्य चिकित्सा सेवाओं की उत्पत्ति 1613 में ईस्ट इंडिया कंपनी के पहले सर्जन जनरल के रूप में जॉनवुडल की नियुक्ति के साथ की जा सकती है। चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदला वहुए हैं। आज, सशस्त्रबल चिकित्सा सेवाएं एक आधुनिक, पेशेवर रूप से प्रतिबद्ध अच्छी तरह से संगठित कार्य बल है, जिसके पास देश भर में 230 से अधिक अस्पतालों और फील्ड अस्पतालों का एक व्यापक नेटवर्क है। हमारा प्रयास है कि हम अपने ग्राहकों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करें और जिसके लिए चिकित्सा सेवा ने आधुनिकीकरण की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। हमन क्षेत्र की चिकित्सा इकाइयों और अस्पतालों के लिए उन्नत चिकित्सा नैदा निकतौर-तरीके पेश किए हैं। कुछ अस्पतालों को चिकित्सा उपचार और अनुसंधान के विशेष क्षेत्र में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। 13 वें एएमसी पुनर्मिलन समारोह और 56 वें एएमसी द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन समारोह 22 मार्च 2023 को सूर्य सभागार में आयोजित किया गया और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा और मुख्यालय मध्य कमान के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी शोभा बढ़ाई। लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी, डीजीएमएस (सेना) ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य अतिथि, वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को बधाई दी। समारोह के सम्मानित अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल विवेक कश्यप, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय मध्य कमान थे, जिन्होंने उद्घाटन भाषण दिया और एएफ्एमएस द्वारा किए जा रहे अपार कार्यों की सराहना की ।

# 'डिवाइन एजुकेशन' से बच्चे संस्कारवान बनते हैं : डा. जगदीश गाँधी



संवाददाता, लखनऊ।'डिवाइन एजुकेशन' से ही हम बच्चों को संस्कारवान बना सकते हैं। अत: विद्यालयों में प्रार्थना अनिवार्य रूप से होनी चाहिए तभी घरों व विद्यालय में ईश्वरमय वातावरण बन सकता है। यह विचार सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इससे पहले, डा. गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत के माध्यम से ईश्वरीय एकता का ऐसा आलोक बिखेरा कि दर्शक व अभिभावक अभिभूत हो गये। छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष न सिर्फअपने ज्ञान-विज्ञान का अपितु गीत, संगीत व नृत्य द्वारा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया, साथ ही विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही नैतिक, चारित्रिक व आध्यात्मिक शिक्षा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कव्वाली, कोरियोग्राफी, एरोबिक्स, भारतीय, राइम्स, एलोक्यूशन आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले छात्रों एवं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह के अन्त में अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस की प्रधानाचार्या तृप्ति द्विवेदी ने कहा कि समाज में सार्थक और स्थायी परिवर्तन उत्पन्न करना है तो शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़ना ही होगा।

# गांव चलो अभियान से युवाओं का रिपोर्ट कार्ड तैयार करेगी बसपा, बेहतर काम करने वालों को अहम जिम्मेदारी

संवाददाता




लखनऊ। लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के मद्देनजर बसपा गांव चलो अभियान के जरिए युवाओं का रिपोर्ट कार्ड तैयार कराएगी, इस दौरान बेहतर काम करने वाले युवाओं को पार्टी में अहम जिम्मेदारी दी जाएगी, पार्टी सुप्रीमो मायावती जल्द ही अभियान की समीक्षा करेंगी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बहुजन समाज पार्टी, गांव चलो अभियान से युवाओं का रिपोर्ट कार्ड तैयार कराएगी बसपा, अभियान के दौरान बेहतर काम करने वाले युवाओं को पार्टी में दी जाएगी जिम्मेदारी, पार्टी सुप्रीमो मायावती जल्द ही इस अभियान की करेगी समीक्षा, अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर पांच पदाधिकारी बना कर युवाओं को दी जा रही है प्राथमिकता, पार्टी निकाय चुनाव से पहले अभियान को करना चाहती है तेज।

CMYK

# हमें समाज एवं राष्ट्र निर्माण में जुटना चाहिए : अजीत

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता




सुलतानपुर। नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा उतुरी से जोबीगीर तक पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के विभाग प्रचारक अजीत ने बौद्धिक देते हुए कहा कि नव संवत्सर से प्रकृति में परिवर्तन आता है। यह भारतीय काल गणना के अनुसार नूतन वर्ष है। हमें प्रकृति से प्राप्त नवीन ऊर्जा से समाज एवं राष्ट्र निर्माण हेतु जुटना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को नागरिक गुणो का पालन करना चाहिए। बौद्धिक के पश्चात उतुरी से जोगीवीर तक पथ संचलन किया गया। इसमें विभिन्न वाद्य यंत्रों से संगीत का प्रयोग हुआ। पथ संचलन में अनेक स्थलों पर पुष्प वर्षा की गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष रामराज वर्मा थे। इस अवसर पर खण्ड संचालक हृदय प्रकाश, सह बौद्धिक प्रमुख महेश, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख डॉ. संतोष अंश , सत्यम त्रिपाठी, मौजूद रहे। यह सभी कार्यक्रम दुबेपुर खण्ड विस्तारक अंजनी की देख रेख में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम मे विशेष योगदान अखिलेश प्रताप सिंह,वीरेन्द्र भार्गव,रंजीत वर्मा,नीरज, विनोद, राहुल और समस्त कार्यकारिणी दूबेपुर तथा स्वयं सेवको का रहा।

# शहद दिवस के अवसर पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा शहद दिवस के अवसर पर शास्त्री बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल सोनार मोतीगंज सुल्तानपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया । शहीदे भगतसिंह की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि व नम आंखों से श्रधंजलि दी गई । कार्यक्रम का अध्यक्षता कटका क्लब के सलाहकार राजेंद्र यादव ने किया ।कार्यक्रम के मुख्यथिति साहित्यिक शिक्षक राज बहादुर राणा ने कहा कि भारत में शहीदों के सम्मान और देश के लिए दिए गए उनके बलिदान को याद करने के लिए हर साल शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर भारत के गौरव, शान और आजादी के लिए लड़ने वाले भगत सिंह और उनके साथी राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जाती है। शहीद दिवस देश के लिए बहुत खास और भावुक दिन होता है। 23 मार्च को भारत के सपूतों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश के लिए हंसते-हंसते फांसी की सजा को गले लगा लिया था। वरिष्ठ अतिथि रूप में शीतला प्रसाद पांडे प्रबंधक (ए के शिक्षा निकेतन) ने कहा कि कम उम्र में इन वीरों ने देश के आजादी की लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसी के साथ भारतीयों के लिए भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव प्रेरणा के स्रोत बने




हैं। उनकी क्रांति और जोश आज युवाओं की रगों में बहता है। यही कारण है कि इन तीनों महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए भारत हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है।

इस मौके पर उपस्थित कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि कटका क्लब सामाजिक संस्था क्रांतिकारियों की विचारधारा पर चलने का कार्य करती है आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर उपस्थित महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नफीसा खातून, सुधीर यादव, विद्यालय के प्रबंधक राम ऋषि शुक्ला, प्रधानाध्यापक रवि प्रकाश शुक्ला, रियाज अहमद ,राम आनंद वर्मा ,लता मिश्रा, अर्चिता मिश्रा, रोशनी, लाल बिहारी पांडे, व दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित है

# वर्तमान युग इंटरनेट का युग है-डॉ कल्पना सिंह

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। बी. एड् प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण और अधिगम मे कम्प्यूटर और इन्टरनेट की उपयोगिता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर बड़े तार्किक ढंग से अपने-अपने विचार रखे । संदीप और सत्येन्द्र ने दैनिक जीवन में कम्प्यूटर के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं तनवीर ने कम्प्यूटर के हार्डवेयर पक्ष को विस्तार से स्पष्ट किया। शिवानी और अनुराधा ने आधुनिक जीवन में इन्टरनेट की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। बी. एड् प्रवक्ता डा. कल्पना सिंह ने कहा कि वर्तमान युग को हम इन्टरनेट का युग कह सकते हैं, जिसने सूचनाओं के सम्प्रेषण में क्रांति ला दी है। आज कृषि मनोरंजन, खेल, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में इन्टरनेट मौजूद है। संगोष्ठी में अर्चना, प्रियंका, अलीना, कोमल, शिवानी इत्यादि विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बी.एड् प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

# एडीजी एलओ पीयूष मोर्डिया ने किया केंद्रीय वाहन यार्ड का निरीक्षण

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। गुरुवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर पीयूष मोर्डिया ने जिले के सभी थानों के मुकदमाती व अन्य वाहनों के लिए बनाए गए केंद्रीय वाहन यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए एडीजी ने इस यार्ड को माडल बताते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में बनवाने के लिए प्रयास की बात कही। गुरुवार को एडीजी सवा ग्यारह बजे के करीब केंद्रीय वाहन यार्ड पहुंचे और यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी आलोक प्रियदर्शी से यार्ड के विषय में जानकारी ली।इस दौरान एडीजी ने सुविधाओं व सुरक्षा के बारे में एस पी को यार्ड में थाने वार खड़े वाहनों व आने जाने वाले वाहनों की गणना की साप्ताहिक रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग के लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए और साप्ताहिक सूचना आर टी ओ विभाग को भी भेजने के निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि न्यायालय से वाहन रिलीज होने के बाद बिना किसी देरी के वाहन, वाहन स्वामी को उपलब्ध कराया जाय । इसके पूर्व पुलिस लाइन से आए सिपाहियो ने यार्ड स्थल पर ए डी जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर एडिसनल एस पी नवीन कुमार सिंह, सी ओ अरुण कुमार नौहवार, कोतवाल श्याम कुमार पाल, एस आई डीपी सिंह, वीरेंद्र यादव, संजय पांडे, सौरभ मलिक, प्रेमचंद, आदि लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर एसडीएम ने की बैठक



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। उपजिलाधिकारी ने गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य बाल विकास सहित अन्य विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। एसडीएम धीरज श्रीवास्तव ने अभियान के नोडल विभाग स्वास्थ्य विभाग को मच्छर जनित संचारी रोग तथा दिमागी बुखार की निगरानी, फागिंग प्रचार प्रसार, मानीटरिंग, पर्यवेक्षण व रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। वहीं पंचायती राज विभाग को हैंडपंप मरम्मत, प्लेटफार्म का निर्माण के साथ ही गांवों में फागिंग कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक शिक्षा विभाग को संचारी रोग से संबंधित जानकारी देने व बाल विकास विभाग को कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर एन आर सी भेजने के निर्देश दिए। वहीं नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को नालियों की सफाई करवाने के साथ ही फागिंग कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर तहसीलदार अभिनव पाठक, सीएचसी अधीक्षक डॉ राधाकृष्णा, एडीओ सहकारिता अरुण श्रीवास्तव सहित वन विभाग,पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र पर लटकता मिला ताला, भटकते मिले इलाज के लिए आए मरीज

**❍ अस्पताल प्रभारी डाक्टर शालिनी सचान ने बताया कि लगभग छः माह से अस्पताल को कोई दवा उपलब्ध नहीं कराई गई**

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। वैसे तो सरकार आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। हर मरीज को अस्पताल से ही सभी प्रकार की दवायें मिल सकें इसके लिए हर स्वास्थ्य केंद्र पर हर प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहती है। समय पर डाक्टर अस्पताल पहुंचे इसके सख्त आदेश है। किंतु इसके ठीक विपरीत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय महराजगंज के डाक्टर कार्य कर रहे है उन्हें न तो सीएम का डर है और न ही स्वास्थ्य मंत्री का। कहने को तो यहां दो डाक्टरों की नियुक्ति है किंतु शायद ही कभी दोनों लोग आते हो कभी-कभी तो यह अस्पताल भगवान भरोसे ही रहता है यानी इसका ताला तक नही खुलता। 23 मार्च बुधवार को लगभग 2 बजे जब हमारे संवाददाता ने वहां जाकर इसकी जमीनी हकीकत देखी तो स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लटकता मिला। इलाज के लिए आए मरीज बाहर दवा के लिए भटकते मिले। अस्पताल मे उपचार के लिए आये कई लोगों से बात की गई तो मौजूद लोगों ने बताया कि यहाँ डाक्टर के आने जाने का कोई समय ही नियत नहीं है। और महीनों से मरीजों को अस्पताल से दवा नहीं दी जा रही है। मरीज बेचारा बाहर से दवा लेने को मजबूर हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार की ओर से तमाम कवायद के बाद भी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी से मरीजों को समुचित सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं है। क्षेत्रीय लोग निजी अस्पतालों में आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं और जलालत झेलने को लाचार हैं। एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा कर रही है तो दूसरी ओर डाक्टरो व उच्चाधिकारियों की लापरवाही से सरकार के इस दावे की हवा निकाली जा रही है। अस्पताल परिसर के आसपास अनेकों मरीज उपचार के लिए आए थे। किंतु अस्पताल बंद होने के कारण उन्हें बैरंग वापस होना पड़ा। बातचीत के दौरान दवा के लिए आए मरीज बिजय कुमार ने बताया दवा लेने के लिए दर्जनों बार चक्कर लगा चूका हूं लेकिन कोई दवा नहीं मिल सकी है। वहीं दवा के लिए आये बीरेंद्र ने बताया कि अस्पताल में तैनात चिकित्साकर्मियों की मनमर्जी से क्षेत्र के लोग दवा के लिए जिस उम्मीद से अस्पताल में आते हैं। उतनी ही मायूसी से बगैर उपचार उनको वापस भी होना पड़ रहा है। कई बार मुख्य चिकित्साधिकारी व अन्य अधिकारियों से शिकायत भी की गई किंतु किसी प्रकार का कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों की मनमर्जी से क्षेत्रीय लोगों को उपचार के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल की प्रभारी डाक्टर शालिनी सचान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अस्पताल खुला हुआ था। एक डाक्टर किसी काम से रायबरेली गए हुए है। वहीं दवाओं के बारे मे बात कि गई तो उन्होंने कहा कि लगभग छः माह से अस्पताल को कोई दवा उपलब्ध नहीं हुई है जिस कारण दवायें खत्म हो गई है।

# सदीक खान निष्पक्ष भारतीय पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मनोनीत

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



रायबरेली। पत्रकारों के बीच लंबे समय से कार्य कर रहे मानवाधिकार मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार सदीक खान को एक बार फिर नई उपलब्धि के साथ पत्रकार संगठन एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्होंने पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न सहित उनके हर सुख दुख में भागीदारी करने का वीणा उठाया है। उनकी निष्पक्ष कार्यशैली व कर्तव्यनिष्ठ ईमानदारी को देखते हुए संपादक कामरान असद ने उन्हें निष्पक्ष भारतीय पत्रकार संगठन का प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। और उम्मीद की है कि वह अपने इस पद की गरिमा बनाए रखते हुए पत्रकार संगठन को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे सदीक खान ने यह भरोसा दिलाया है कि वह संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाते हुए निष्पक्ष भारतीय पत्रकार संगठन के प्रति निष्ठा ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए हर पत्रकार को साथ लेकर चलेंगे और उनके उत्पीड़न सहित सुख दुख में भी शामिल होंगे। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार खीरो रायबरेली निवासी सद्दीक मोहम्मद खान को निष्पक्ष भारतीय पत्रकार संगठन का प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया, सद्दीक मोहम्मद खान को निष्पक्ष भारतीय पत्रकार संगठन का प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किये जाने पर समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सद्दीक मोहम्मद खान को बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि सद्दीक मोहम्मद खान के नेतृत्व में निष्पक्ष भारतीय पत्रकार संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ब्यूरो पंजाब केसरी सद्दीक खान को बधाई दी और कहां लगातार प्रदेश भर में पत्रकारों का शोषण हो रहा है कहीं पुलिस के बीच तो कहीं आम जनमानस के बीच पत्रकारों के साथ अभद्रता निंदनीय है क्योंकि पत्रकार लगातार प्रशासन से लेकर आम जनमानस की समस्याओं को उठाते हुए धूप छांव बारिश में हर खबरों को कवरेज करते हुए उनके मुद्दों को सरकार तक पहुंचाता है। ऐसे में पत्रकारों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सदीक खान से यह उम्मीद की है कि लगातार पत्रकार की समस्याओं व शोषण के मुद्दे को उठाते हुए उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। वहीं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार मिश्रा ने भी सद्दीक खान को बधाई देते हुए कहां की पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है आज उसके साथ मदद के लिए पत्रकार संगठन अहम योगदान होता है उन्होंने उम्मीद की है कि सद्दीक खान हर पत्रकार की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## मृत में पाया गया राष्ट्रीय पक्षी मोर

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। गुरुवार की सुबह अरखा बाजार स्थित विश्वनाथ सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट परिसर में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पाया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने मोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। अरखा बाजार से मिला हुआ विश्वनाथ सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट बनाया गया है। इस ट्रस्ट परिसर में बड़ा बगीचा होने के कारण काफी संख्या में पक्षी निवास करते हैं। बुधवार की रात बगीचे में एक मोर मृत अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ पाया गया। गुरुवार की सुबह बाग में गये ग्रामीणों ने मोर के शव को देख इसकी सूचना क्षेत्र पंचायत सदस्य आशीष कुमार पांडेय को दी। जिन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना देते हुए मोर मौत का कारण स्पष्ट होने को लेकर वनविभाग द्वारा मोर के शव को पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले भेजा है।इस बाबत वन रक्षक अखिलेश यादव ने बताया कि मोर के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## रेलवे बूम से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के सूची खरौली मार्ग पर स्थित रामचन्द्रपुर रेलवे क्रासिंग पर रेलवे बूम से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भदोखर थाना क्षेत्र के बेलाखारा निवासी सुनील कुमार 32 वर्ष बुधवार की दोपहर बाईक से क्षेत्र के पूरे पांडेय मजरे खरौली गांव में रिश्तेदारी आया था और देर शाम घर वापस लौट रहा था, तभी रामचन्द्रपुर रेलवे क्रासिंग बन्द थी,इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर रेलवे बूम से टकरा गई, जिससे गिरकर वो गम्भीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक सीएचसी आया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक गायब

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। घर में चारपाई पर सोते समय एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया है। काफी खोजबीन के बावजूद भी कहीं अता पता ना चलने पर परिजनों ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। गंधपी मजरे रामसांडा गांव निवासी राधेश्याम का 22 वर्षीय बेटा संतोष कुमार बुधवार की रात परिजनों के साथ खाना खा पीकर दरवाजे पर चारपाई डालकर सो रहा था। आधी रात के बाद अचानक चारपाई से गायब हो गया। सुबह सोकर उठे परिजनों ने बेटे को चारपाई पर ना पाकर उसकी खोजबीन शुरू कर दी। मोबाइल फोन भी उसका स्विच ऑफ जा रहा है। जिसके बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी।

# संदीप सोनकर ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



रायबरेली। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय से शोधकर्ता रहे संदीप सोनकर ने पीएचडी की डिग्री हॉसिल की है। रायबरेली के अहियारायपुर निवासी संदीप सोनकर ने फिरोज गांधी कॉलेज में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार के मार्गदर्शन में पीएचडी की डिग्री हासिल की है। उन्होंने ष्सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनियों के प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययनष् विषय पर शोध किया है। संदीप सोनकर को उपाधि बुधवार को विश्वविद्यालय के 37 वां दीक्षांत समारोह में दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रुप में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की मौजूदगी में डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। डॉ. संदीप सोनकर वर्तमान बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत है और महराजगंज के अकबरपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत है। सन्दीप ने कहा कि इस मेरी कामयाबी में मेरे पूरे परिवार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने मेरे संघर्ष में कदम से कदम मिलाकर साथ दिया। संदीप की इस उपाधि पर उनके भाई दिलीप कुमार सोनकर, एफजी कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शीला श्रीवास्तव, आरएसएम के प्रदेश संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, महामंत्री मधुकर सिंह सहित परिवार के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

# शहीदी दिवस पर एचएसआरए संगठन ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर ।हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन ने अपने क्रान्तिकारी पुरखों शहीद- ए -आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के 92 वें शहादत दिवस पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप यादव जनवादी एडवोकेट के पर्यवेक्षत्व व जिला महासचिव दिनेश पाल बब्लू बाबा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में किया गया। संगठन के जिला महासचिव दिनेश पाल बब्लू बाबा ने 51 वीं बार रक्तदान कर नौजवानों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित कियाद्यसंगठन के जिलाध्यक्ष अजय प्रताप वर्मा एडवोकेट ने तीसरी बार रक्तदान किया वहीं लक्ष्मी शंकर यादव ने 5 वीं बार रक्तदान किया व अमन वर्मा,रिजवान खान प्रदीप उपाध्याय एडवोकेट ने भी रक्तदान किया,संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप यादव जनवादी ने कहा कि संगठन के जिला महासचिव दिनेश पाल बब्लू बाबा ने 51 बार रक्तदान करके कीर्तिमान स्थापित करने का काम किया है कभी भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता होती है तो दिनेश पाल बब्लू बाबा तत्पर रहते हैं संगठन के साथी उन्हे 120 दिन बाद ही रक्तदान करने की हिदायत देते रहते हैं द्यरक्तदान शिविर का नेतृत्व करने वाले दिनेश पाल बब्लू बाबा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं है हम तो कहते हैं कि सभी प्रकार के दान को न करके केवल और केवल रक्तदान करने करने का संकल्प समाज को लेना चाहिए जिससे कि किसी की जान खून की कमी से न हो सके जिससे समाज को गतिशीलता मिलेगी और क्रान्तिकारी बदलाव देखने को मिलेगाद्यइस मौके पर एडवोकेट उदय बौद्ध,एड् भानू प्रताप यादव ,उमाकांत पटेल ,पत्रकार विनोद यादव समेत दर्जनों की संख्या में क्रान्तिकारी साथी मौजूद रहें। जिन्होंने रक्तदान करके शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उनके सपनों का भारत निर्माण करने का संकल्प लिया।

# जीवन की अन्तिम सांस व धन की अन्तिम बूंद तक जारी रहेगी समाज सेवा : दानवीर सुरेन्द्र सिंह

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

रायबरेली। जीवन की अन्तिम सांस व धन की अन्तिम बूंद तक समाज सेवा जारी रहेगी उक्त कथन दानवीर पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली एम्स में ठा0 रतनपाल सिंह विश्रामालय के शिलान्यास व भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये मालुम हो कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली एम्स के अनुरोध पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने तीमारदारों के रात्रि विश्राम की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये एक विश्रामालय निर्माण करवाने की घोषणा की थी। बहुमंजिली ठा0 रतनपाल सिंह विश्राम भवन का निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण हो इसके लिये पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने एम्स परिसर के अन्दर आज भूमि पूजन व शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार व हवन इत्यादि के बीच सम्पन्न किया। पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उनके सभी विकास कार्य अब जनपद के लिये होंगे। उन्होने बताया कि एम्स में तीमारदारों के लिये विश्राम भवन, राजकीय महिला महाविद्यालय, हरिजन छात्रावास व क्षत्रिय भवन का शीघ्र निर्माण उनका प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होने कहा कि उनके जीवन की अन्तिम सांस व उनके धन की अन्तिम बूंद तक समाज सेवा जारी रखेंगे इस अवसर पर प्रमुख रूप से एम्स के निदेशक अरविन्द राजवंशी, एस.के. सिंह, नीरजा कुमारी, समीर शुक्ला, बिल्डर विकास सिंह, भाजपा नेता आर. बी. सिंह, श्याम किशोर अवस्थी, उमेश सिंह, बी.के.शुक्ला, हरचन्द सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जयसिंह सेंगर, पुष्पेन्द्र सिंह अभय सिंह व्यापार मण्डल के अतुल गुप्ता, संदीप जैन, प्रभाकर गुप्ता राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला योजना समिति सदस्य पूनम तिवारी व राघवेन्द्र सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।



# माननीय कैबिनेट मंत्री ने चित्र प्रदर्शनी व विंध्य महोत्सव का मां विंध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया उद्घाटन

❍ माननीय सदस्य विधान परिषद, माननीय विधायक नगर, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

मीरजापुर । सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में विंध्याचल चौत्र नवरात्रि मेला के प्रथम दिन रोडवेज परिसर में आयोजित विन्ध्याचल महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन मा.कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण मामले उत्तर प्रदेश शासन श्री आशीष पटेल ने मां विंध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व मा. कैबिनेट मंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लगाई गई भव्य प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी के पंडाल में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टाल का विधिवत अवलोकन करते हुई सराहा. इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी देवी का नमन करते हुई कहा प्रदेश सरकार प्रदेश के विकास के साथ ही विख्यात देवी धाम विंध्याचल सहित प्रदेश के सभी धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों को विकसित कर विकास के नए द्वार खोल रही है। उन्होंने कहा जैसै ही विंध्य कारिडोर परियोजना का कार्य पूरा होगा अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर इसका नाम होगा। मा. कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने विंध्याचल देवी धाम की व्यवस्थाओं खासकर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के क्रम में किये गए कई कार्यों के लिए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सहित सभी प्रशासनिक अधिकारीगण के प्रति आभार जताते हुई उनकी सराहना की. कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने मां विंध्यवासिनी का विधिपूर्वक दर्शन पूजन किया। मा. नगर विधायक श्री पंडित रत्नाकर मिश्र ने कहा प्रदेश में तमाम मुख्यमंत्री आये लेकिन किसी ने भी विंध्याचल धाम के धार्मिक विकास पर ध्यान नहीं दिया जितना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विंध्याचल धाम के विकास पर दिया है। कहा दो से पांच फीट की सकती गलियों में धाम सिमटा हुआ था, जिसे अब भव्यरुप देकर धाम के विकास और विस्तार दोनों का काम तेजी से हो रहा है, जिसका असर यह है कि पहले से पांच गुना तीर्थ यात्री बड़ हैं. मा. विधान परिषद सदस्य श्री श्याम नारायण सिंह विनीत सिंह ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम व उनके स्वरूप का वर्णन करते हुए कार्यक्रम की सराहना की. जिलाधकारी दिव्या मित्तल ने कहा हम सभी भाग्यशाली हैं जो यह अवसर मिला है मां विंध्यवासिनी देवी धाम में सेवा का, कहा मां के धाम की दिव्यता, भव्यता देश ही नहीं विदेशों में भी बनी हुई है। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए जनप्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मा0 सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फविनीत सिंह, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिला अध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह, अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिंद, मा0 सांसद राज्यसभा अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय, संतोष गोयल, मंडलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी वीएस सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मां भारती के सपूतों को दी गई श्रद्धांजलि



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु नगर पंचायत स्थित हथिहवां में आज मथुरा प्रसाद चौधरी ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल पर वीर शहीद भगतसिंह , राजगुरु और सुखदेव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य रामअवतार चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत के सच्चे सपूत थे जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देश प्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए अपना प्राण न्योछावर कर दिया। 23 मार्च 1931 ई0 में शाम को वीर क्रांतिकारियों को फांसी दी गई। आज ही के दिन उन वीर क्रांतिकारीयों का शहीद दिवस है! यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने का गौरव का अनुभव कराता है, बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भी देखे मन से श्रद्धांजलि देता है! उन अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य के वैचारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्जवल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है ।

# नव वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी

### मद्धिम पदचाप है आते राम राज्य की– डॉ नीरज त्रिपाठी



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

मीरजापुर । विक्रम सम्वत 2080 नव वर्ष के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद, मिर्जापुर के तत्वावधान में डी डी मेमोरियल हॉस्पिटल के अतिथि हाल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि डॉ अनुज प्रताप सिंह ने नव संवत्सर के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए उसके इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नवरात्रि में देवी पूजा एवं रामनवमी पर राम जन्मोत्सव की भारतीय परंपरा की प्रशंसा करते हुए लोगों के चरित्र निर्माण पर बल दिया। काव्यपाठ के क्रम में डॉ अनुज प्रताप सिंह ने सुनाया– लौट नहीं सकताध् समाचार पत्रों की ध् सूचनाओं सेध् मेरा गया हुआ सम्मानध् मिट्टी में मिली प्रतिष्ठाध् चूर चूर हुई परम्पराध्लुटा हुआ मेरा सर्वस्व। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ नीरज त्रिपाठी ने नव वर्ष व नवरात्रि की शुभकामना देते हुए सुनाया– नव विहान, नव वितान, हर्षित तन, प्रमुदित मन, उल्लसित हृदय, पूर्णता प्रभु काज की। मद्धिम पदचाप है आते रामराज्य की। विशिष्ट अतिथि भोलानाथ कुशवाहा ने नवगीत सुनाया – राष्ट्र की नव चेतना का युग बनाना है हमें। नई बेला में बदलना अब जमाना है हमें। विशिष्ट अतिथि केदारनाथ सविता ने पढ़ा– खेलने की उम्र कोई नहीं होती, केवल खिलौना बदल जाता है, खेल बदल जाता है। कोई खेलता है वक्त से, कोई जिंदगी से खेलता चला जाता है। कवयित्री नंदिनी वर्मा ने गीत सुनाया– काश वो पल लौट आते, लौट आते वो नजारे। हम अकेले चल दिये, सब रह गए पीछे हमारे। आनंद अमित ने गजल पढ़ा– दर्द सीने में दबाये रखिये। ये भी दौलत है बचाये रखिये। ललित मिश्रा ने व्यंग्य कविता सुनाया– ठग धन, मग धन, लूट धन, और घूस धन खान। बिना घूस के जानिए, सब धन धूल समान।काव्यगोष्ठी का संचालन आनंद अमित ने किया। गोष्ठी शाम 7 बजे से प्रारंभ होकर रात 8रू30 तक चली जिसमें अखिल भारतीय साहित्य परिषद, मिर्जापुर के अध्यक्ष राजपति ओझा, मिलन कुमार व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अंत में आनंद अमित ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



शाहजहाँपुर। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान संवेदीकरण कार्यशाला के अन्तर्गत नगर निगम के तत्वावधान में खिरनीबाग रामलीला मैदान में एक बैठक हुई। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगर क्षेत्र में अप्रैल माह में चलने वाले संचारी रोग अभियान एवं 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान के संबंध में अभियान को सफल बनाने हेतु बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है, जिसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में जनमानस को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों (हीट रिलेटेड इलनेसेज) की रोकथाम तथा साफ-सफाई के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान के तहत बिन्दुवार चर्चा हुई जिसमें नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, आमजन द्वारा खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों ध् कचरों की सफाई करवाना, उथले हैण्डपम्पों का प्रयोग रोकने के लिए उन्हें लाल रंग से चिन्हित किया जाना, हैण्डपम्पों के पाइप को चारों ओर से कंकरीट से बन्द करना एवं हैण्डपम्पों के पास अपशिष्ट जल के निकलने हेतु सोकपिट का निर्माण करना, शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिये बैक्टीरियोलॉजिकलध् वायरोलॉजिकल जाँच करना, संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर खुले में शौच से मुक्त करना, संवेदनशील क्षेत्रों तथा शहरी मलिन बस्तियों में विभागीय गतिविधियों की प्रगति आख्या भौतिक प्रगति के अभिलेखीकरण के साथ तैयार करना। नगर आयुक्त द्वारा समस्त बिन्दुओं पर वार्ता कर नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों, सफाई नायक, सहायक सफाई नायकों को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में समस्त बिंदुओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए माइक्रो प्लान बनाकर नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विशेष साफ- सफाई, एंटीलार्वा छिड़काव व फॉगिंग का कार्य कराना सुनिश्चित किया जाये, जिससे जनमानस को विभिन्न प्रकार की होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके।

# राजेश अवस्थी उर्फकालिया बाबा ने वृक्षारोपण कर बच्चों को अच्छे से पढने की अपील की

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सिद्धार्थनगर । नगर पंचायत बिस्कोहर के उच्च माध्यमिक विद्यालय बिस्कोहर में राजेश अवस्थी उर्फ कालिया बाबा ने वृक्षारोपण किया। आपको बताते चले कि शिक्षा पाना सब का सपना होता है मगर इंसान की मजबूरियां आगे आकर उसका सपना तोड़ देती हैं। मजबूरियों के आगे बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं इसी दर्द को समझते हुए जनपद सिद्धार्थनगर के नगर पंचायत बिस्कोहर के चेयरमैन प्रत्याशी राजेश अवस्थी उर्फ कालिया बाबा ने आज अपने क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिस्कोहर में राजेश अवस्थी उर्फ कालिया बाबा ने वृक्षारोपण किया। इस पहले इसी स्कूल में बच्चों को डिजिटल युग की पढ़ाई के लिए सिलेट टीवी का उपहार दिया था। ताकि बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई भी कर सकें। और पीने के लिए पानी का आरो भी लगाने का वादा किया। इससे पहले भी राजेश अवस्थी ने कई विद्यालयों में जाकर बच्चों को किताब,कॉपी का वितरण भी किया था। जनहित के मुद्दे भी कालिया बाबा उठाते आए हैं। कालिया बाबा ने कहा कि समाज सेवा करके उनको संतुष्टि मिलती है। अभी कुछ दिन पहले नगर पंचायत बिस्कोहर में उन्होंने पांच असहाय बच्चियों की शादी धूमधाम से कराया था। एक मदरसे के जलसे के कार्यक्रम में जाकर साल बच्चियों को उपहार स्वरूप ग्यारह हजार रूपये दिये थे। राजेश अवस्थी उर्फकालिया बाबा द्वारा किए जा रहे परोपकारी कार्यों की क्षेत्र में हर जगह प्रशंसा हो रही है।उपस्थित विद्यालय इंचार्ज उमाकान्त गुप्ता,गणेश वरूण, बब्लू तिवारी, दीपक तिवारी, राकेश मिश्रा, विजय कुमार चौहान, शिव कुमार शर्मा, राजेश अवस्थी उर्फकालिया बाबा की टीम मौजूद रहे।

# माहे रमजान के साथ लौटी मस्जिदों में रौनक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

उन्नाव। माहे मुकद्दस रमजान के साथ मस्जिदों में रौनक भी लौट आई हैं। मस्जिदों के बाहर चहल-पहल, रोजेदारों के समूह, किताबों की दुकानों पर लगी भीड़, मस्जिद में पेश इमामों की तकरीरें, रमजान की फ्जीलत बयान करते आलमेंदीन पूरा माहौल रमजान में डूबा हुआ लगता है। बड़ों से बच्चों तक में रमजान का उत्साह दूर से झलक रहा है। मस्जिदों को साफ-सुथरा कर सजाने संवारने का काम भी अंतिम दौर में है। बीती शाम को शुरू हुई पहली तरावीह के साथ रमजान का जोश अकीदतमंदों में जैसे दोगुना हो गया है।

**तारवीह के साथ मस्जिदों में बढ़ी रौनकें**


शहर में जामा मस्जिद समेत शेखवाड़ा मस्जिद, ईक मिनारी मस्जिद,ऊंटसार मस्जिद,कचहरी की मस्जिद, ईदगाह मस्जिद,कंजी वाली मस्जिद, बुद्दन शाह मस्जिद, किला मस्जिद, तालिब सरायं मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में एक बार फिर तरावीह के साथ रौनक झलकने लगी है।

**बदन की जकात है रोजा**

रमजान-उल-मुबारक में रोजे का महत्व समझाते हुए शहर काजी निसार अहमद मिस्बाही बताते हैं कि रोजा बदन की जकात है। जैसे माल से जकात अदा करने पर वह चोरों-नकबजनों से महफूज हो जाता है वैसे ही बदन की जकात रोजा अदा कर देने से वह भी शैतान की फरेब कारियों से महफूज हो जाता है। अल्लाह ने माहे रमजान के रोजे हर मोमिन परहेजगार बन सके। अपनी मुकद्दस किताब कुरआने करीम में अल्लाह इरशाद फरमाता है ताकि तुम्हे परहेजगारी मिले। जब तक हम परहेजगार नहीं बनते दीन के रास्ते पर हम नहीं चल सकते।

**खजूर से खोला जाता है रोजा**

रोजों में खजूर का अपना खास



महत्व है। रोजा खोलने के लिए खजूर का ही सेवन किया जाना चाहिए। यदि खजूर ना हो तो नमक से भी रोजा खोला जा सकता है। काजी निसार अहमद मिस्बाही ने बताया कि खजूर से रोजा खोला जाना जरूरी है। आज से यानि शुक्रवार से रोजों की शुरूआत हो रही है। रमजान मुबारक का महिना तीन हिस्सो में होता है पहला हिस्सा रहमत का, दूसरा गुनाहों से माफी का और तीसरा हिस्सा हमें दोजख यानि नर्क की आग से बचाने वाला है। भूखे प्यासे रहने का मतलब रोजा नहीं होता है। रोजे की हालत में हमे उस सभी स्थितियों से बचना है जो दूसरे को कष्ट पहुंचाती हों।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर आयुक्त ने लालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

संवाददाता, शाहजहाँपुर। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत कायाकल्प किये जाने हेतु चयनित लालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय का नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहाँ उपस्थित अध्यापक और शिक्षामित्र ने बताया कि विद्यालय में नगर निगम द्वारा सफाई कार्य हो रहा है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि नगर निगम के संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई नायक एवं सहायक सफाई नायक का नाम व मोबाईल नम्बर अंकित किया जाये, जिससे आवश्यकतानुसार सफाई कार्य हेतु सम्पर्क किया जा सकें और कक्षा-कक्षों का फ्लोर लेवल विद्यालय के गेट से मिलान करके किया जाये ताकि विद्यालय में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। विद्यालय में जल निकासी हेतु ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही विद्यालय के प्रांगण में स्थित पीपल के वृक्ष के लिए ज्यादा जगह छोड़ते हुए चबूतरे का निर्माण कराया जाये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शौचालय में पानी की एक सप्लाई सुचारु तथा हैण्डपम्प क्रियाशील पाया गया। उन्होंने फर्श की मरम्मत कराये जाने के साथ-साथ उक्त विद्यालय के रसोईघर के आगे खाली पड़ी जमीन को सम्मिलित करते हुए रसोईघर की मरम्मत कराये जाने के लिए भी निर्देशित किया। इसके बाद नगर आयुक्त ने लालपुर प्राथमिक विद्यालय के निकट ऑगनबॉडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया जहां पर श्रीमती अनुराधा वर्मा ने बताया कि पोषण माह के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को ड्राई राशन किट दी जा रही है और टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा था।

### एन.सी.सी ग्राउंड में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत शहीद दिवस मनाया गया

संवाददाता, उन्नाव। गुरुवार को गांधी नगर तिराहे स्थित एन.सी.सी ग्राउंड में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शहीद दिवस मनाया गया साथ ही सात दिवसीय शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा अमर शहीद भगत गुरु, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस पर शत शत नमन भी किया गया। आपको बता दें की सदर विधायक पंकज गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एन.सी.सी कैडेट्स के इंचार्ज ने बताया कि आज हमारे यहां शहीद दिवस का कार्यक्रम चूंकि 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को एक साथ फांसी दी गई थी। और उस दिन को हम सभी लोग भूल गए थे। तो उसी का काल्पनिक रूप क्यों कि अब हम लोग भगवान सिंह को ला नही सकते लेकिन भगत सिंह जैसे पुत्र पैदा कर सकते है। तो उसी का काल्पनिक रूप यहां पर दिया गया है। और उसका मंचन किया गया है।

### मऊ से मेला ड्यूटी में आए पुलिसकर्मी की बाइक मेला क्षेत्र से हुई चोरी

संवाददाता, मीरजापुर। विंध्याचल नवरात्रि मेले में चोरों की भी सक्रियता बढ़ गई है उन्हें पुलिस का भी भय नहीं है. तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी चोर और जेबकतरे मेला क्षेत्र में सक्रियता बनाए हुए हैं बुधवार को देर रात नवरात्र के प्रथम दिन चोरों ने वर्दीधारी की बाइक पार कर दिया. जिसकी जानकारी होते ही वर्दीधारी पुलिसकर्मी जवान देर रात तक परेशान देखा गया. जानकारी के अनुसार मऊ जनपद से मेला ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मी श्रीप्रकाश सिंह विंध्याचल रोडवेज डिपो परिसर में अपनी बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर खड़ी कर ड्यूटी कर रहे थे. रात्रि में तकरीबन 11रू30 बजे ड्यूटी से निवृत्त होकर जब वह अपने बाईक के पास पहुंचे थे तो बाइक गायब देखकर उनके होश उड़ गए. काफी देर तक वह बाईक की खोजबीन में भटकते हुए नजर आए. बाईक की चाबी उनके जेब में पड़ा हुआ था और बाइक का लॉक तोड़कर चोर उसे पार कर ले गए थे।

# भरभरा कर गिर गया घर



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

पूरनपुर। बेमौसम बरसात के कारण अगले दिन खिली तेज धूप से घर भरभरा कर गिर गया। जिसके नीचे दबकर भैंस और उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घरेलू सामान पूरी तरीके से नष्ट हो गया। अच्छा यह रहा कि उस समय घर के अंदर कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। पीड़ित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। मॉडल थाना घुँघचाई क्षेत्र के गांव लुखटिहाई निवासी प्रेमपाल पुत्र मनोहर लाल ने गांव के पूरब में अपना नया मकान टीनशेड डालकर बनाया है। जहां उनका पूरा परिवार रहता था। बेमौसम की बरसात से जहां एक और फसलों को काफी नुकसान हुआ है वही बरसात के बाद खिली तेज धूप से पीड़ित का मकान भरभरा कर जमींदोज हो गया। जिसके मलबे में दबकर उसकी भैंस और भैस का बच्चा दब गया और घरेलू सामान अनाज, बर्तन, बिस्तर, चारपाई, साइकिल सहित सभी मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। तेज धमाके की आवाज पर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। बमुश्किल घायल अवस्था में भैंस को बाहर निकाला जा सका। शाम का समय था इसीलिए घर के लोग और बच्चे आंगन में बैठे हुए थे। अगर देर रात यह हादसा होता तो बड़ी घटना हो सकती थी। लोगों ने आनन-फानन में संयुक्त प्रयास से जरूरी चीजें निकालीं लेकिन अधिकांश चीजें मलबे के नीचे दब गई। टीनशेड तक दे जो घर बनाने के लिए लाए गए थे वे भी टूट कर नष्ट हो गए। पीड़ित के अनुसार करीब 70000 का नुकसान होना बताया जा रहा है। पीड़ित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। लोगों के अनुसार पड़ोस से आया पानी भी पीड़ित के लिए घातक साबित हुआ। घटनाक्रम को लेकर के तहरीर भी स्थानीय पुलिस को दी गई।

# शिक्षा संस्कार कोचिंग सेंटर पर श्री हनुमान चालीसा पाठ का किया गया आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर नगर के शिक्षा संस्कार कोचिंग सेंटर पंकज कॉलोनी गली नंबर 11 पर भव्य श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि, पत्रकार एवं मीडिया बंधु, शुभचिंतक और छात्रदृछात्राएं उपस्थित रहे। इसके साथ सभी भक्तजन भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रदृछात्राओं के उज्जवल भविष्य, लोक कल्याण एवं विश्वमय शांति और छात्र छात्राओं को सभ्यता, संस्कृति तथा सनातन धर्म की ओर ले चलने का प्रयास। कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य पंडित जी महाराज आचार्य राम शंकर त्रिवेदी के कर कमलों से शुभारंभ हुआ और देर रात तक चला। श्री हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम में सभी भक्तजनों का आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था लगभग 200 भक्तजनों के लिए की गई। अंत में शिक्षा संस्कार कोचिंग सेंटर के संचालक ने बताया कि शिक्षा संस्कार कोचिंग सेंटर पर अनाथ बच्चों के लिए निरूशुल्क शिक्षा की व्यवस्था है। शिक्षा संस्कार कोचिंग सेंटर छात्रदृछात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए प्रयासरत हैं। संस्थान अपनी शिक्षा व्यवस्था और कार्यक्रमों को लेकर पूरनपुर क्षेत्र में काफी सराहनीय है।पूरनपुर समाजसेवी हर्ष गुप्ता ने सेंटर पर पहुंचकर श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम की खूब सराहना की।श्री हनुमान चालीसा पाठ के अनुष्ठान को कवर करने के लिए पूरनपुर यूट्यूबर मुकुल गुप्ता ब्लॉग्स चौनल उपस्थित रहे। अंत में संचालक ने कहा इस भव्य श्री हनुमान चालीसा पाठ के अनुष्ठान की रूपरेखा यूट्यूबर मुकुल गुप्ता भी मौजूद रहे।

# विभिन्न दलों से आए कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

उरई जालौन । हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में कांग्रेस हुई सफल विभिन्न दलों से आए हुए नेताओं ने कांगेस कथा थामा दामन आज रघुवीर धाम उरई में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान सदस्यता ग्रहण समारोह का समापन हुआ इसकी अध्यक्षता दीपांशु समाधिया जिलाध्यक्ष कांग्रेस व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी की मौजूदगी में इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी छोड़ कर आए कार्यकर्ताओं को दिल से दिल मिलाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया और कमल दोहरे बसपा छोड़कर आए मनोज बरार सपा छोड़कर आए शकील कादरी सीलू महाराज बगरा और आदि आदि कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ली इस कार्यक्रम में मौजूद रहे जिला पंचायत सदस्य उर्मिला सोनकर खाबरी, हाजी ख्वाजा बॉक्स मंसूरी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस शेख जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग, अब्दुल कादिल कादरी, हेमंत रिछारिया जिला अध्यक्ष यूथ, सुरेंद्र सिंह सरसेला विधायक



प्रतिनिधि कालपी, तसलीम खान, बसीम शेख, मो अहमद, सबीर खान, रहीश खान, इनायत खान सजन खान, आबू खान, रेहान खान, गणेश दत्त गिरी, सिद्धार्थ बधौलिया,

CMYK

# भारतीय नव वर्ष उत्सव भारत माता की आरती करके मनाया

संवाददाता

कानपुर। भारतीय नववर्ष 'वर्ष प्रतिपदा' यानि विक्रम नाम संवत्सर 2080 तथा युगाब्द 5155 आज से प्रारम्भ हो रहा है जिसका हम सब सनातन संस्कृति के नव वर्श के आगमन में स्वागत भारत माता की आरती करके मनाया गया। अपरान्ह 12 बजे श्री केषव माधम समिति द्वारा 28वां भारतीय नववर्ष उत्सव बिरहाना रोड स्थित भारत माता मंदिर में भारत माता की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराकर, माल्यापर्ण कर मुकुट धारण कराकर चन्दन पुश्प अर्पित करके केसरिया पताका से सजाया गया व अपनी सनातन संस्कृति को स्मरण करते हुए भारत



माता की आरती श्री राजेन्द्र प्रसाद जी क्षेत्र प्रचारक प्रमुख (पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा की गयी जिसमें ''जय जय जय भारतमाता'' वर्ष प्रतिपदा को नमन करते हुए सभी के मस्तक पर केसरिया चन्दन लगाकर एक दूसरे को नववर्श की बधाई दी भारत माता की जय, वन्दे मातरम् से पूरा क्षेत्र गूंज उठा व प्रसाद वितरण भी किया गया। चौत्र मास के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि से नव संवत्सर का आरम्भ होता है। आदिदेव ब्रहम जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। ऐसी मान्यता है कि चतुर्युगो में प्रथम सतयुग का आरम्भ भी इसी दिन हुआ था।

भारतीय पंचांग का चलन चौत्रमास शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ होता है। ज्योतिष के अनुसार नक्षत्र योग, दिन, तिथि और करण के योग का पंचांग कहते है। पंचांग का प्रारम्भ इसी दिन से होता है। भगवान राम का राज्याभिषेक, भगवान झूलेलाल की जयन्ती, नवरात्रि का प्रारम्भ, आर्यसमाज की स्थापना, छत्रपति षिवाजी द्वारा साम्राज्य की स्थापना, सम्राट विक्रमादित्य की विजय, डा. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म जैसी अनेकानेक घटनांए वर्ष प्रतिपदा को ही घटित हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नरेन्द्र कुमार अग्रवाल( श्रद्धा नंद नगर संघचालक) अरुण तिवारी, ज्ञानेन्द्र विश्नोई, उमेश अग्रवाल, सतेन्द्र द्विवेदी, विजय राठौर, विनय सिह, डा.एस. के.अग्रवाल सतीश तिवारी, विजय ओमर,दीपक शर्मा,गोपी ओमर, रमनदास गुप्ता, सन्तोष बाजपेयी, राम जी गुप्ता, आदित्य शर्मा, सनी खन्ना, हरीश जैन, देवेन्द्र सिंह मातृ शक्ति श्रीमती सध्या मिश्रा, रेनू गुप्ता, नीना अवस्थी, अर्चन तिवारी, वंदना शर्मा सहित सैकड़ों सनातनी उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने बारा तहसील में बारिश से नुकसान हुई फसलों का लिया जायजा

## फसलों के हुए नुकसान का सर्वे कराकर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश


संवाददाता, प्रयागराज। ओलावृष्टि, बारिश से हुए फसलों के नुकसान की स्थिति का जायजा लेने की लिए जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को तहसील बारा के ग्राम सेहुरा, लोहगरा,पिपरांव सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण किया। वहां पर उन्होंने किसानों से वार्ता भी की। किसानों के द्वारा बताया गया कि ओलावृष्टि एवं बारिश से गेंहू तथा सरसों की फसल ज्यादा प्रभावित हुई है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व,उप जिलाधिकारी बारा, उपनिदेशक कृषि को किसानों की फसलों का हुए नुकसान का शीघ्रता से ठीक ढंग से सर्वे कराकर नुकसान का आकलन



करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। खत्री ने सर्वे के कार्य को पारदर्शिता के साथ कराने के लिए कहा है। कार्य करने वाले राजस्व कर्मियों को क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रभावित क्षेत्रों के सर्वे का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए है। सर्वे के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पायी गयी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने हेतु कि कार्यवाही करने के लिए कहा है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्व का हुआ निर्धारण

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में माह अप्रैल, 2023 में प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्वएवं निर्धारण पर बल दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च्व प्राथमिकताओं में एक है। सीएमओ द्वारा संचारी एवं दस्तक अभियान के कार्ययोजना से सम्बन्धित सामान्य दिशा निर्देश समय सारणी बैठक प्रशिक्षण महत्वपूर्ण तिथिया




अन्तर्विभागीय समन्वय के क्रियान्वयन के क्रम में विस्तृत प्रकाश डाला गया। आशा एवं आगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बुखार की रोगियों की सूची (इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस ) रोगियों की सूची, क्षय रोगियों के लक्षण युक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहॉ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। विषयक अपनी रिपोर्ट प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लाक मुख्यालय पर निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। रोग संचरण अवधि में रोगों के अधिनियत्रित प्रसार पर नियंत्रण पर वेक्टर नियंत्रण से सम्बन्धित सभी गतिविधियॉ सघन रूप से संचालित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने नव वर्ष का किया स्वागत, हुआ समारोह

संवाददाता

प्रयागराज। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन एवं भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2080 के स्वागत समारोह का आयोजन सारस्वत गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर कल्याणी नंदगिरी छोटी मां, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, अमरेंद्र नाथ सिंह,सतीश केसरवानी, कादिर भाई,अशोक अग्रवाल,जिला प्रभारी विपिन गुप्ता,जिला अध्यक्ष लालू मित्तल, महानगर अध्यक्ष नीरज जायसवाल,महिला महानगर अध्यक्ष स्वाती निरखी, महानगर महामंत्री



पवन श्रीवास्तव, महानगर कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह (आशू),गंगापार अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप केशरवानी, कुमार नारायण, रवि शर्मा श्वेता मित्तल, उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। जिला अध्यक्ष लालू मित्तल एवं महानगर अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। विपिन गुप्ता ने संगठन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने भारतीय नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनेक कार्यक्रमों की श्रृंखलाबद्ध प्रस्तुति क्रमबद्ध तरीके से संचालित की। सर्वप्रथम स्वाती निरखी ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया तत्पश्चात महामंडलेश्वर की 20 शिष्यों के द्वारा वैष्णवी आनंद गिरी के नेतृत्व में डांडिया,राधा कृष्ण नृत्य,फूलों की होली जैसे अनेक खूबसूरत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में गुरु मां ने सभी को आशीर्वाद दिया। विधायक हर्षवर्धन वाजपेई ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और गुलाल लगाया। रंगारंग कार्यक्रम में सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल से वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमंग ग्रोवार, उपाध्यक्ष नीलेश केसरवानी,जे एस विरदी, कोषा अध्यक्ष अनिल गुप्ता,संगठन मंत्री अरविंद यादव एवं पंकज जायसवाल व इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. सुबोध जैन व कार्यकारिणी सदस्य,नर्सिंग होम एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा.सुशील सिन्हा एवं कार्यकारिणी सदस्य,डा. आशीष टंडन, डा.बी एम सिंगल, डा.सुभाष यादव अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह ने अपनी तरफसे और अधिवक्ताओं की तरफसे सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर अनेक वरिष्ठ व्यापारी सतीश केसरवानी गल्ला तिलहन व्यापार मंडल,कादिर भाई,हिमांशु निक्की, नरेंद्र खेड़ा, अशोक अग्रवाल, रवि द्विवेदी,अनेक अधिवक्ता,सारिका शर्मा, इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष श्वेता मित्तल, राम जी जैन,संजय अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, मैकू लाल ,रश्मि शुक्ला,वंदना पांडे,मोहन टंडन, कल्पना राजू शर्मा, सोनल मित्तल, राजूल शर्मा ,रेनू मित्तल मनोज सिंह, मीडिया से जुड़े तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य,आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# किसानों का किसी भी महकमें द्वारा उत्पीड़न करने पर राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियाँ कार्यालय से संचालित होगी : पं0 राजपाल शर्मा

## भाकियू टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष ने सिंभावली में कार्यालय का किया उद्घाटन

संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड़ के सिम्भावली में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत हुई जिसमें भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंच का संचालन मेरठ मंडल अध्यक्ष युवा जीते चौहान ने किया और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा एवं मेरठ मण्डल अध्यक्ष गुड्डू प्रधान ने बताया प्रत्येक माह की 10 तारीख को




किसानों की समस्याओं को लेकर यहां पंचायत होगी। जिसमें किसानों की हर समस्याओं का समाधान किया जायेगा उसके बाद मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पण्डित राजपाल शर्मा ने फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया और शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए आगाह किया है कि क्षेत्र में यदि किसी भी किसान का किसी भी महकमें द्वारा उत्पीड़न किया गया तो प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियाँ इसी कार्यालय से संचालित की जायेंगी। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशल पाल आर्य, प्रदेश सचिव चौधरी रामपाल सिंह, मेरठ मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी , मण्डल महासचिव वीरेंद्र सिंह, मेरठ मण्डल सचिव यशवीर चौधरी, तहसील अध्यक्ष भगत राम उदयवीर मुख्य के प्रयास से सैंकड़ों किसान एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारीगण के साथ साथ सुनील चौहान, सुभाष चौहान, सेवाराम चौहान, परवेज लोहारी, इमरान त्यागी, तेजपाल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोगो की जानकारी के लिए संतोष होस्पिटल के डाक्टरों की हुई मिटिंग आयोजित




संवाददाता, हापुड़। पिलखुवा के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रशिका रेस्टोरेंट मे संतोष होस्पिटल के डाक्टरों की मीटिंग का आयोजन किया गया। संतोष होस्पिटल की जरनल मैनेजर श्वेता ने जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग मे विभिन्न रोगों के विषेशज्ञ ने हिस्सा लिया डा.गौरव जांगड़ा, डा.अमित यादव, डा.मनीष मिश्रा, डा.आषीश रोज,डाक्टर विवेक शर्मा, डा.अभय,डा.दीपक ने कहा लोगों अपनी भाग दौड़ भरी जिन्दगी मे दैनिक जीवन शैली में खानपान का विशेष ध्यान रखें ओर सुबह व्यायाम भी करें।

# भव्य रुप से संपन्न हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर

संवाददाता

प्रयागराज। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन भव्य तरीके से हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रो.ब्रम्हदेव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ शुरू हुआ जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के प्रभारी डॉ विजय प्रकाश ने पुष्प गुच्छ देकर तथा बैच एवं स्कार्फमहना कर एव राष्ट्रीय सेवा योजना का बैच लगाकर स्वागत किया गया इसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी डा.रफत अनीश के द्वारा प्राचार्य को पुष्प गुच्छ देकर,स्कार्फ पहनाकर तथा बैच लगाकर स्वागत किया गया इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की




स्वयंसेविका अदिति तथा अनुपमा पाल के द्वारा स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया जिसके बोल थे आयो जो हमारी नगरिया। इसके बाद कार्यक्रम के अगले पड़ाव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के प्रभारी डा.विजय प्रकाश ने सप्त दिवसीय शिविर की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि को यह बताया कि किस प्रकार से महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो ईकाइयां गठित हैं वह किस प्रकार से सामाजिक मुद्दे पर कार्य कर रहे हैं जैसे एड्स दिवस पर जागरुकता,मतदाता जागरूकता, नारी सशक्तिकरण,सड़क सुरक्षा, प्रर्यावरण इत्यादि कार्यक्रमों पर पूरे वर्ष भर लोगों को जागरूक करने का काम करती है। इन सभी स्वयंसेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल एव माला पहनाकर सम्मानित किया तथा आयुषी पांडेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस प्रकार इकाई प्रथम के प्रभारी ने विस्तारपूर्वक रिपोर्ट पढ़ी जिसका की वहां उपस्थित प्राध्यापको व वहा पर उपस्थिति लोगों ने ताली बजाकर सराहना की। इसके पश्चात स्वयंसेवक अंकुश के द्वारा लक्ष्यगीत तथा स्वयंसेवक पुष्कर मिश्रा के द्वारा संकल्प गीत गाया गया । इसके बाद ग्रुप पांच के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसकी दहेज प्रथा थीम थी कार्यक्रम की अगली कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका आयुषी पांडेय के द्वारा एनआईसी कैंप में किए गए कजरी सॉन्ग पर डांस प्रस्तुत किया गया जिसकी मुख्य अतिथि के द्वारा सराहना की गई इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना बच्चों का सामाजिक निर्माण कर रहा है और उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को महाविद्यालय की एक अनिवार्य जरूरत के रूप में बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों का विकास होता है और पूरे वर्ष कार्य किया है वह सराहनीय है मैं कोशिश करूंगा कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना की दो ईकाइयों के अतिरिक्त एक अन्य इकाई बनाई जाए आज के इस कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की प्रभारी डा.रफत अनीस ने ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि,प्राचार्य तथा समस्त प्राध्यापकों,स्वयंसेवियों को एवं कर्मचारी का आभार प्रकट किया इसी के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया आज के इस समापन समारोह का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अमित कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया ।समापन समारोह में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण कर्मचारी व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी के तत्वधान में भव्य शोभायात्रा निकाला गया

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। हिन्दू नव वर्ष चौत्र शुक्ल विक्रम संवत 2080 के अवसर पर शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाल युवा कार्यकर्ताओं के साथ जय श्रीराम के उद्घोष के साथ नगर का भ्रमण किया। शोभायात्रा स्थानीय कंचन नगर स्थित श्री कैलाश मन्दिर से प्रारभ हुआ। वही जयघोष के साथ कंचन नगर मोड होते हुये राजधानी मार्ग श्री दुर्गा मन्दिर पर समापन हुआ। इस सांस्कृतिक त्योहार को अपनी युवा पीढ़ी और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा के उदेश्य से संजीदा होने का संदेश दिया। शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रहे संस्था के प्रशांत अवस्थी ने कैलाश मन्दिर पर एक सभा कर भारतीय संस्कृति के अस्तित्व पर आने वाले खतरों से आगाह करते हुए हिन्दुओं से एक जुटाता का आह्वान किया। शोभा यात्रा के दौरान भगवा रंग के झंडे लेकर कार्यकर्ता के साथ बच्चे, बूढ़े और युवा शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान धीरेन्द्र दिवेदी,अजय बाजपेई,विनय गुप्ता,धीरज सिंह,वासुदेव गुप्ता,ब्रजेश मिश्रा,नन्द कुमार,अजय चौबे , विनोद तिवारी ,विनय सिंह , अरविंद शुक्ला समेत संस्था के आदि रहे।

## लूट के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक शाशी शेखर के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष के पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधीयों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने लूट के वांछित 2 अभियुक्तो को लूटी हुई चेन व घटना मे प्रयुक्त बाइक बरामद कर गिरफ्तार किया है। बुधवार को उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा ने मय हमराह लूट के मुकदमें में वांछित उमेश गौतम उर्फ महेश पुत्र मुक्ता प्रसाद निवासी हवेली रेस्टोरेन्ट के पीछे और शकील अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी सर्वोदय नगर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा, हे0का0 सतीश राय, हे0का0 रविशंकर शर्मा रहे।

## चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में हो रही पूजा -अर्चना,मां के लगे जयकारे

संवाददाता, प्रयागराज। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के अलोपशंकरी देवी,कल्याणी देवी एवं ललिता देवी मंदिरों सहित अन्य चिन्हित मंदिरों में दुर्गा सप्तमी का पाठध्देवी गायनध्देवी जागरण/अखंड रामायण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को अलोपशंकरी मंदिर अलोपीबाग में दुर्गा सप्तमी का पाठध्देवी गायनध्देवी जागरणध्अखंड रामायण के कार्यक्रमों का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार,राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग एवम् जिला प्रशासन प्रयागराज के द्वारा किया गया। श्री अलोपशंकरी शक्तिपीठ मंदिर अलोपीबाग एवं ललिता देवी मंदिर में लोक कलाकार उमेश कनौजिया और साथी कलाकारों द्वारा लोकगीत पर आधारित देवी गीत प्रस्तुत किया गया। सभी गणमान्य जनों और कलाकारों का स्वागत महानिर्वाणी अखाड़ा के पूज्य संत यमुनापुरी जी महाराज द्वारा किया गया। ललिता देवी मंदिर में मंदिर समिति के अध्यक्ष हरि मोहन वर्मा एवं महामंत्री धीरज नागर ने गणमान्य जनों और कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संत शिवानंदगिर महाराज,अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी, राकेश कुमार वर्मा, हरिश्चंद्र दुबे,रमाकांत यादव, आशीष गौतम सहित संस्कृति विभाग के कर्मचारियों की उपस्थित रही।

## खान-पान में नियंत्रण रखकर मधुमेह से बचा जा सकता है : डा. सरिता

संवाददाता, प्रयागराज। एमपी-पीसीओएस सोसायटी और आईपीएटीएच (इंडियन प्रोफेसनल फॉर ट्रांसजेंडर हेल्थ) द्वारा पॉचवा राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन प्रयागराज में मार्च से आरंभ हो रहा है। जोकि सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित किया जाएगा। आईपीएटीएच संगोष्ठी 24 मार्च को सायंकाल 6 बजे से रात्रि 9 बजे होगी। जबकि 24 और 26 मार्च को एमपी-पीसीओएस सम्मेलन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि डा. मोहम्मद अशरफ गनी एमपी-पीसीओएस सोसायटी के अध्यक्ष और सचिव डा.राकेश सहाय, आईपीएटीएच के अध्यक्ष डा. संजय कालरा होंगे। सम्मेलन में देश के कई राज्यों के तकबरीन 300 डायबिटीज से सम्बन्धित डॉक्टर भाग लेंगे। उक्त जानकारी बुधवार को यहां इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर प्रयागराज में मीडियाकर्मियों को आयोजन अध्यक्ष डा. सरिता बजाज व कार्यक्रम आयोजन सचिव डॉ.अमृता चौरसिया ने दी। जहां बताया कि यह एक कुशलता पूर्वक तैयार किया गया वैज्ञानिक कार्यक्रम है। जिसमें मेटाबोलिक सिंड्रोम, मधुमेह, पूर्व मधुमेह, पीसीओएस और मोटापे के प्रबंधन में नवीनतम प्रगति में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। इन सभी स्थितियों के उच्य प्रसार और भारी रोग भार को ध्यान में रखते हुये इस विषय को चुना गया है। नवजात और आगामी विषयक ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य पर एक स्टैण्डअलोन संगोष्ठी बैठक का मुख्य कान्प्रेंस आकर्षण होगा। डा.सरिता बजाज ने बताया आज की खान-पान की शैली से मधुमेह के रोगियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जरूरी है खानपान पर ध्यान देने की। कहा कि आज का युवा एक हाथ में पिज्जा तो दूसरे हाथ में कोल्डड्रिंक लिये रहता है, जोकि डायबिटीज को बढ़ावा दे रहा है। यह भी बताया कि महिलाओं में इस प्रकार के खान-पान से डायबिटीज ही नहीं वरन कैंसर का भी खतरा बढ़ जाता है।

## अब दुकानदारों को लेना होगा तंबाकू निर्मित वस्तु बेचने के लिए नगर निगम से लाइसेंस

संवाददाता, मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के नवीन अधिनियम के तहत तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अब नगर निगम क्षेत्र में कोई भी दुकानदार बगैर लाइसेंस के तंबाकू से निर्मित कोई भी वस्तु नही बेच सकेगा। इसके लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। आगामी तीन अप्रैल से शुरुआत के दौरान नगर निगम मथुरा वृंदावन कार्यालय द्वारा पहले तीन दुकानदारों को लाइसेंस दिए जाएंगे इसके बाद अभियान पर विशेष जोर दिया जाएगा और लाइसेंस बनाने का क्रम जारी कर दिया जाएगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ करीम अख्तर कुरैशी ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत में आगामी तीन अप्रैल को सीनियर टेक्निकल एडवाइजर डॉ अमित यादव , एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उत्तर प्रदेश हेल्थ एसोसिएशन विवेक अवस्थी, स्टेट कंसलटेंट नेशनल तंबाकू कार्यक्रम सतीश त्रिपाठी , रीजनल कॉर्डिनेटर वालेंट्री हेल्थ एसिसोसियेशन सुरजीत सिंह का आगमन होगा उन्ही के द्वारा प्रक्रिया पूरी कर चुके तीन दुकानदारों को नगर निगम कार्यालय पर लाइसेंस वितरित किए जाएंगे। उसके बाद अभियान को निरंतर गति दी जाएगी। लाइसेंस ठेल से लेकर सभी दुकानदारों को अनिवार्य रूप से लेना होगा।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव। चौत्र नवरात्र में मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने घरों पर मां भगवती की चौकी लगाकर कलश स्थापना की। देवी मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने जाकर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा के पाठ किए गए। चौत्र नवरात्र शुरू होने से पहले ही देवी मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, बंदनवार, फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। बुधवार को नवरात्र के शुभारंभ पर भक्तों ने सुबह उठकर स्नान आदि के बाद व्रत रखा और मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की। घर पर कलश स्थापना की। इसके बाद दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा के पाठ पढ़े गए। मंत्रों की माला से जाप किया। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर घर-परिवार में सुख शांति की कामना की।


CMYK

# इमरान खान के भतीजे बैरिस्टर हसन नियाजी को किया गया गिरफ्तार, पत्नी को पूछताछ के लिए समन



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भतीजे बैरिस्टर हसन नियाजी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जियो न्यूज को बताया कि कानूनी मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफके अध्यक्ष इमरान खान के प्रमुख व्यक्ति हसन नियाजी को सोमवार को इस्लामाबाद में एक आतंकवाद विरोधी अदालत के बाहर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि पुलिस चौकी पर विरोध करने पर नियाजी को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, पीटीआई का दावा है कि कानूनी मामलों पर खान के मुख्य व्यक्ति को उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में जमानत हासिल करने के बावजूद पुलिस अधीक्षक नौशेरवान अली चांदियो द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इसके साथ ही बुशरा बीबी को भी पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। पाकिस्तान की एजेंसी बुशरा बीबी से पूछताछ करेगी। पीटीआई ने ट्वीट किया, ष्यह पुलिस की बर्बरता का चरम है। हसन नियाजी, एक वकील, जिसकी जमानत अदालत ने हाल ही में मंजूर की थी, का अपहरण कर लिया गया है। बैरिस्टर हसन नियाजी को जमानत पर होने के बावजूद एसपी नौशेरवान द्वारा अवैध रूप से अपहरण कर लिया गया है। इंसाफ लॉयर्स फोरम ने ट्वीट करते हुए कहा कि हम इस फासीवाद की निंदा करते हैं और उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हैं। मंच ने मांग की कि देश के मुख्य न्यायाधीश इस कानूनों के घोर उल्लंघन पर ध्यान देने की मांग की है। पीटीआई नेता फारुख हबीब ने लिखा है कि पुलिस को एटीसी के दोनों ओर तैनात किया गया था, ताकि वे उन्हें गिरफ्तार कर सकें। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि वकीलों के अनुसार, पुलिस ने बार-बार कहा कि उन्हें हसन नियाजी और फारुख हबीब को लेने के लिए विशेष आदेश मिले हैं। वकीलों ने मुझे उनके इरादों के बारे में बतायाय मैंने उन्हें चकमा दिया और जमानत मिलने के बाद फरार हो गया।

# हिंडनबर्ग प्रभाव : अडानी समूह ने 34,900 करोड़ रुपए की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोका




एजेंसी, नयी दिल्ली। अडानी समूह ने गुजरात के मुंद्रा में 34,900 करोड़ रुपए की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोक दिया है। समूह अमेरिकी निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए नुकसान के बाद अपने परिचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने के लिए संसाधनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने 2021 में एक नया कोयले से पीवीसी बनाने के संयंत्र स्थापित करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड का गठन किया था। यह संयंत्र गुजरात के कच्छ जिले में अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की जमीन पर लगाया जाना था। हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 जनवरी की रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के मूल्यांकन में लगभग 140 अरब अमेरिकी डॉलर की कमी हुई है। ऐसे में समूह फिलहाल कुछ कर्ज चुकाने, संचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने पर ध्यान दे रहा है। समूह ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों का खंडन किया है। इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि जिन परियोजनाओं पर समूह ने कुछ समय के लिए आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया है, उसमें 10 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली ग्रीन पीवीसी परियोजना शामिल है। समूह ने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं को ईमेल भेजकर तत्काल सभी गतिविधियों को रोकने को कहा है। इसमें समूह ने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं से मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड की ग्रीन पीवीसी परियोजना के लिए अगले नोटिस तक सभी गतिविधियों और सभी दायित्वों को निलंबित करने के लिए कहा है। समूह ने कहा, विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में समूह स्तर पर लागू की जा रही विभिन्न परियोजनाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। भविष्य के नकदी प्रवाह और वित्त के आधार पर, कुछ परियोजनाओं की निरंतरता और समयरेखा में संशोधन के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। इस संबंध में टिप्पणी के लिए संपर्क करने पर समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि एईएल आने वाले महीनों में प्राथमिक उद्योग में विकास परियोजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन करेगी। उन्होंने कहा, हमारी स्वतंत्र पोर्टफोलियो कंपनियों में से प्रत्येक के बही-खाते बहुत मजबूत है। हमारे पास अग्रणी परियोजना विकास और निष्पादन क्षमताएं, मजबूत कंपनी प्रशासन, सुरक्षित संपत्तियां, मजबूत नकदी प्रवाह हैं, और हमारी व्यावसायिक योजना पूरी तरह से वित्त पोषित है। प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## पीएलआई के अंतर्गत विशेष इस्पात उत्पादन से विदेशी पूंजी की होगी बचत : फग्गन सिंह कुलस्ते



एजेंसी, नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत विशेष इस्पात के घरेलू उत्पादन से मूल्य संवर्धित उत्पादों के आयात को कम करने और विदेशी पूंजी की बचत में मदद मिलेगी। सरकार के साथ लगभग 27 कंपनियों ने विशेष इस्पात के लिए पीएलआई के पहले संस्करण (पीएलआई 1.0) के तहत 57 समझौतों पर हस्ताक्षर किए है। कुलस्ते ने बताया, विशेष प्रकार के इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने और 'आत्मनिर्भर भारत के विचार को अपनाने के लिए हमारी सरकार ने पीएलआई योजना पेश की, जिससे हमारे देश में इस्पात उत्पादन बढ़ सके। उन्होंने कहा कि इस्पात की विशेष श्रेणी के घरेलू उत्पादन से ना सिर्फ देश की आयात पर निर्भरता कम होगी बल्कि हजारों करोड़ रुपए की विदेशी पूंजी को भी बाहर जाने से बचाया जा सकेगा। कुलस्ते ने कहा कि 6,322 करोड़ रुपए की पीएलआई 1.0 की सफलता के बाद योजना के दूसरे संस्करण को लाने की ठोस योजना बनाई जा रही है। मंत्री ने कहा कि पीएलआई 1.0 के तहत चयनित कंपनियां कोटेड/प्लेटेड स्टील उत्पाद, विशेष रेल, अलॉय स्टील उत्पाद, स्टील वायर और इलेक्ट्रिकल स्टील का विनिर्माण करेंगी। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू इस्पात क्षेत्र में 30,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश होगा, जिससे प्रति वर्ष 2.5 करोड़ टन की क्षमता में वृद्धि होगी और 55,000 नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# शीर्ष दस कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.09 लाख करोड़ रुपए घटा

## रिलायंस और टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान




एजेंसी, नयी दिल्ली। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.09 लाख करोड़ रुपए घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में 1,145.23 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 67,722.33 करोड़ रुपए घटकर 15,04,001.93 करोड़ रह गया। वहीं टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 55,654.17 करोड़ रुपए घटकर 11,63,194.14 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 21,250.8 करोड़ रुपए घटकर 5,97,905.17 करोड़ रुपए रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 16,108.93 करोड़ रुपए घटकर 4,72,290.46 करोड़ रुपए जबकि आईटीसी का मूल्यांकन 15,226.12 करोड़ रुपए घटकर 4,66,696.21 करोड़ रुपए रह गया। प्रमुख दूरसंचार कंपनी एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 9,053.44 करोड़ रुपए घटकर 4,22,177.07 करोड़ रुपए जबकि एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,982.11 करोड़ रुपए घटकर 8,77,318.09 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी लि. का बाजार मूल्यांकन भी 8,063.79 करोड़ रुपए घटकर 4,69,460.45 करोड़ रुपए रह गया। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,396.91 करोड़ रुपए घटकर 5,83,983.07 करोड़ रुपए जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 3,465.65 करोड़ रुपए घटकर 5,75,273.92 करोड़ रुपए पर आ गया। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के रूप में रिलायंस का स्थान बरकरार रहा। इसके बाद क्रमश टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, एसबीआई, एचडीएफसी, आईटीसी और भारती एयरटेल रहीं।

# टाटा मोटर्स ने यात्री वाहनों को सख्त उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया, मारुति, महिंद्रा ने भी की प्रगति




एजेंसी, नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स ने अपने यात्री वाहनों को सख्त उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया है, जबकि मारुति सुजुकी इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भरोसा जताया है कि वे एक अप्रैल की समय सीमा से पहले अपने संबंधित उत्पादों में बदलाव कर लेंगे। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग इस समय अपने उत्पादों को यूरो-6 उत्सर्जन मानदंडों के बराबर भारत स्टेज-6 के दूसरे चरण को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। इसके तहत चौपहिया यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को उत्सर्जन मानकों के अगले स्तर के अनुरूप बनाना होगा। एस-6 उत्सर्जन मानदंड का दूसरा चरण एक अप्रैल से लागू होने वाला है। इन मानकों के लागू होने से कार की कीमतें भी बढ़ने का अनुमान है, क्योंकि ऑटोमोबाइल कंपनियां पावरट्रेन में अतिरिक्त उपकरण जोड़ने के लिए निवेश कर रही हैं। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने बताया, श्हमारे वाहन तय समयसीमा से पहले ही फरवरी 2023 में बीएस-6 चरण दो उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बन चुके हैं। हमने बेहतर प्रदर्शन के साथ उत्पादों को उन्नत बनाया है, नई प्रौद्योगिकी विशेषताओं को जोड़ा है और वाहनों की वारंटी बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि जहां तक कीमत का संबंध है, इस नियामक परिवर्तन से लागत में हुई बढ़ोतरी को फरवरी में घोषित मूल्य वृद्धि में आंशिक रूप से समाहित किया गया है। चंद्रा ने कहा,बाकी हिस्सा अगली मूल्य वृद्धि में जोड़ा जा सकता है। इस बारे में किसी समयसीमा की पुष्टि नहीं कर सकते। महिंद्रा एंड महिंद्रा के ऑटोमोटिव प्रभाग के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार कंपनी के सभी मॉडल बीएस-6 चरण दो मानदंडों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा, श्बीएस-4 से बीएस-6 में परिवर्तन की लागत के मुकाबले इस बार लागत काफी कम है और इसे चरणबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा। मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि कंपनी एक स्वच्छ वातावरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और तय समय पर बीएस-6 चरण दो में परिवर्तन को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी ने कुल 62 मॉडलों में 31 को बीएस-6 चरण दो में तय समय से करीब एक साल पहले ही परिवर्तित कर दिया था।

# इंडिगो वृद्धि के नए चरण में प्रवेश कर रही : सीईओ पीटर एल्बर्स




एजेंसी, नयी दिल्ली। विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स का कहना है कि एयरलाइन वृद्धि के नए चरण में प्रवेश कर रही है और कंपनी के लिए लागत बहुत महत्वपूर्ण है। इंडिगो इस समय लगभग 1,800 दैनिक उड़ानें संचालित करती है और उसके पास लगभग 300 विमानों का बेड़ा है। एल्बर्स ने सोमवार को दिल्ली में कापा इंडिया विमानन सम्मेलन के एक सत्र के दौरान कहा, हम वृद्धि के नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश के विमानन क्षेत्र में वी-आकार नुमा सुधार सीख का ही एक अंग है। कोरोना महामारी के बाद विमानन क्षेत्र तेजी से सुधार कर रहा है और घरेलू हवाई यातायात लगभग कोविड-पूर्व के स्तर तक पहुंच चुका है।

## टोक्यो सबवे सरीन हमला, जब एक बाबा ने स्टेशन पर किया था मास मर्डर

एजेंसी, टोक्यो के इतिहास में 20 मार्च की तारीख काला दिन के नाम से दर्ज है। इसी दिन आज से कई वर्षों पहले यानी 1995 में जापान में कुछ ऐसा हुआ था जिसकी आम आदमी ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। इसी दिन कुछ लोगों ने कैमिकल गैस से एक सबवे स्टेशन में ट्रेन में हमला कर दिया था। ये हमला किसी गोली या बारुद के दम पर नहीं किया गया था बल्कि गैस के जरिए हुआ था, जिसमें काफी नुकसान हुआ था। मामला वर्ष 1995 का जब 20 मार्च को जापान की राजधानी में मेट्रो ट्रेन पर हमला हुआ था।

## कोरोना वायरस ने फिर पकड़ी रफ्तार

एजेंसी, नयी दिल्ली। भारत में 129 दिन बाद एक दिन में कोविड-19 के 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 5,915 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 24 घंटे के भीतर संक्रमण के कुल 1,071 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि तीन और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,802 हो गई। देश में कोरोना वायरस से राजस्थान और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज की मौत हुई। वहीं, केरल में कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए एक मामला जोड़ा गया है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,58,703 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है। वेबसाइट के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण गर्मी से लोगों के अलावा जीव जन्तु बेहाल, लाखों की संख्या में मछलियों की मौत

एजेंसी, कैनबरा। दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में लाखों मछलियों की मौत हो गई। अधिकारियों और वैज्ञानिकों का कहना है कि बाढ़ और गर्म मौसम के कारण ये मौतें हुईं। न्यू साउथ वेल्स राज्य में प्राथमिक उद्योग विभाग ने कहा कि मछलियों की मौत गर्म लहर के कारण हुई। विभाग ने कहा कि मौतों की संभावना कम ऑक्सीजन के स्तर के कारण लगती है क्योंकि बाढ़ के कारण ऑक्सीजन कम हो जाती है और गर्म मौसम के कारण मछलियों को अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है।' मेनिन्डी के आउटबैक शहर के निवासियों ने मरी हुई मछलियों से भयानक गंध की शिकायत की।

## भूकंप से इक्काडोर में 13, पेरू में एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी, क्विटो । दक्षिणी इक्काडोर और उत्तरी पेरू में आए शक्तिशाली भूकंप के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। भूकंप के कारण कई लोग मलबे में दब गए हैं, जिन्हें बचाने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया है। 'यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र इक्काडोर के दूसरे सबसे बड़े शहर गुआयाक्विल से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) दक्षिण में था। प्राधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण पेरू में एक और इक्काडोर में 13 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 126 अन्य लोग घायल हुए हैं। इक्काडोर के राष्ट्रपति गुलेरमो लासो ने संवाददाताओं से कहा कि भूंकप के कारण लोगों में 'निश्चित ही दहशत फैल गईश। लासो कार्यालय ने एक बयान में बताया कि भूकंप के कारण जान गंवाने वाले लोगों में से 11 की तटीय राज्य एल ओरो में और दो की पर्वतीय राज्य अजुए में मौत हुई। पेरू में, इक्काडोर के साथ लगती उसकी उत्तरी सीमा से मध्य प्रशांत तट तक भूकंप महसूस किया गया। पेरू के प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने बताया कि इक्काडोर की सीमा पर टुंबेस क्षेत्र में एक मकान के ढहने के कारण सिर में चोट लगने से चार वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई।

# ईपीएफओ की नई गाइडलाइंस

## ग्राहक चुन सकते हैं अब उच्च पेंशन का विकल्प




एजेंसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने उन ग्राहकों के लिए एक नई विंडो की घोषणा की है जो पहले उच्च पेंशन का विकल्प नहीं चुन सकते थे। ईपीएफओ के नए दिशानिर्देश पात्र ग्राहकों को ईपीएस के तहत उच्च पेंशन का विकल्प चुनने में सक्षम बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित चार महीने की समय सीमा के समाप्त होने से ठीक दो सप्ताह पहले आये हैं। ईपीएफओ ने एक नई प्रक्रिया शुरू की है जो नियोक्ताओं और ग्राहकों को कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत बड़ी पेंशन के लिए संयुक्त रूप से आवेदन करने में मदद करती है। कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में बरकरार रखा था जिसमें पेंशन योग्य वेतन कैप को 6,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया था। यह 22 अगस्त, 2014 को पारित किया गया था। इसके अलावा नियोक्ता और सदस्य दोनों ईपीएस में अपने वास्तविक वेतन का 8.33 प्रतिशत योगदान करने में सक्षम थे। एक कार्यालय आदेश में ईपीएफओ ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संयुक्त विकल्प फॉर्म को भरने की प्रक्रिया को रेखांकित किया। आदेश के मुताबिक इस उद्देश्य के लिए जल्द ही एक यूआरएल (यूनीक रिसोर्स लोकेशन) मुहैया कराया जाएगा। एक बार प्राप्त होने के बाद क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त व्यापक सार्वजनिक सूचना के लिए नोटिस बोर्ड और बैनर पर पर्याप्त नोटिस लगाएंगे। प्रत्येक आवेदन को पंजीकृत किया जाएगा और डिजिटल रूप से लॉग किया जाएगा और आवेदक को रसीद संख्या प्रदान की जाएगी। कर्मचारियों के पास अब ईपीएस के लिए उच्च योगदान के लिए विकल्प है जो वर्तमान में अधिकतम 15,000 रुपये पेंशन योग्य वेतन काहै। नई विंडो में कर्मचारियों के पास यह विकल्प होगा कि वे अपने नियोक्ताओं को ईपीएस पेंशन के लिए वास्तविक मूल वेतन के बराबर राशि की कटौती करने दें। कर्मचारियों और नियोक्ताओं के पास ईपीएस के लिए वास्तविक मासिक मूल वेतन का कटौती करने के लिए ईपीएफओ से अनुरोध करने वाले संयुक्त फॉर्म पर हस्ताक्षर करने का विकल्प होगा। यह कर्मचारियों के लिए एक बड़ा कोष और उच्च पेंशन का संचय सुनिश्चित करेगा। केंद्र सरकार ने 2014 में एक संशोधन के माध्यम से ईपीएस के तहत पेंशन योग्य वेतन कैप को 6500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दिया था। बदले हुए नियमों के अनुसार नियोक्ताओं और सदस्यों को योजना के लिए वास्तविक वेतन का योगदान करना आवश्यक था, यदि यह सीमा से अधिक हो। ईपीएफओ ने तब सभी ईपीएस सदस्यों को उच्च पेंशन के लिए संशोधित योजना का विकल्प चुनने के लिए छह महीने का समय दिया था। हालांकि कई सब्सक्राइबर्स ने यह मौका गंवा दिया। इसलिए पिछले नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के आधार पर एक नई विंडो प्रदान की गई है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सभी कर्मचारी जिन्होंने विकल्प का प्रयोग नहीं किया था, लेकिन ऐसा करने के हकदार थे, लेकिन अधिकारियों द्वारा कट-ऑफ तारीख की व्याख्या के कारण ऐसा नहीं कर सके, उन्हें अपने विकल्प का उपयोग करने का एक और मौका दिया जाना चाहिए। ईपीएफओ के परिपत्र के अनुसार निम्नलिखित कर्मचारी अपने नियोक्ताओं के साथ संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में संयुक्त विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं दृ

- कर्मचारी और नियोक्ता जिन्होंने 5,000 रुपये या 6,500 रुपये की वेतन सीमा से अधिक वेतन में योगदान दिया था।
- कर्मचारी और नियोक्ता जिन्होंने ईपीएस सदस्य होने के दौरान पिछली विंडो में संयुक्त विकल्प का प्रयोग नहीं किया था। कर्मचारी जो 1 सितंबर 2014 से पहले सदस्य थे और उस तारीख को या उसके बाद भी सदस्य बने रहे।

## एम सी स्टैन के ही कॉन्सर्ट में हो गई उन्ही की पिटाई बजरंग दल ने रैपर के लाइव शो में मचाया हंगामा



बिग बॉस 16 के विनर और मशहूर रैपर एम सी स्टैन इन दिनों अपने करियर की बुलंदियों पर हैं। एम सी स्टैन की फैन फोल्लोविंग बेशुमार बढ़ती जा रही है। हाल ही में उन्होंने कई बड़े रिकाड्र्स बनाए हैं। अपनी पॉपुलैरिटी के मामले में रैपर बॉलीवुड के किंग खान को भी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। इसी बीच उनके साथ जो किस्सा हुआ है वो सच में हैरान कर देने वाला है। अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, रैपर एम सी स्टैन के शो में जमकर हंगामा हुआ। इतना ही नहीं उन्ही के शो में उन्हें पीटा गया, जिसके बाद वो बीच में ही अपना शो छोड़कर वहां से रवाना हो गए। दरअसल हाल ही में, एमसी स्टैन इंदौर में एक लाइव कॉन्सर्ट करने पहुंचे थे। इस लाइव कॉन्सर्ट में उनके फैंस का भारी जमावड़ा हुआ लगा हुआ था। हजारों की भीड़ अपने फेवरेट स्टार की एक झलक पाने के लिए पहुंची हुई थी। लेकिन इस कॉन्सर्ट के दौरान कुछ लोगों ने स्टेज पर पहुंचकर हंगामा कर दिया। वहीं, खबरों की मानें तो हंगामा करने वाले लोग बजरंग दल के सदस्य थे। बजरंग दल का कहना था कि वो एमसी स्टैन के गानों में खुलेआम गाली-गलौज और महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाइड करने के खिलाफ है। इसके अलावा वो एमसी स्टैन के अपने रैप में ड्रग्स को प्रमोट करने पर भी भड़के हुए थे, जिससे युवाओं पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। जिसकी वजह से उन लोगों ने बीच में ही स्टेज हाईजैक कर लिया और ना सिर्फ रैपर को धमकी दी, बल्कि उनके साथ मार-पिटाई भी की। बताया जा रहा है कि इंदौर में स्टैन का लाइव कॉन्सर्ट रद्द कर दिया गया। ये खबर बाहर आने के बाद से एमसी स्टैन के फैंस गुस्से से लाल हो गए हैं। एमसी स्टैन के फैंस ट्विटर पर उनका सपोर्ट करते नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि इंडिया में आर्टिस्ट की कोई इज्जत नहीं है। इसके अलावा आपको बता दें, एमसी स्टैन का इंदौर के बाद नागपुर में लाइव शो है। फिर वो 28 अप्रैल को अहमदाबाद में शो करेंगे। 29 तारीख को जयपुर, फिर 6 मई को कोलकाता और 7 मई को दिल्ली में उनका लाइव कॉन्सर्ट होना है।

>>> बॉलीवुड <<<

## रेड कारपेट पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आई हिना खान और प्रियंका चहर चौधरी, किसके लुक ने मारी बाजी




टीवी जगत हो या हो बॉलीवुड की बात हसीनाएं कही भी अपने हुस्न का जलवा बिखेरने से पीछे नहीं हटती हैं। और फिर आज हम ऐसी दो हसीनाओ की बात करने जा रहे हैं जिन्होंने अपने सफर की शुरुआत टीवी की दुनिया से की थी और आज उनके चर्चे हर जगह सुनने को मिलते हैं। जी हाँ.... ! हम बात कर रहे हैं उन दो हसीनाओ की जिनका नाम शिना खानश् और प्रियंका चहर चौधरी हैं। आईकॉनिक गोल्ड अवॉर्ड्स 2023 में अपनी मौजूदगी से चार चांद लगाने वाली हिना खान और प्रियंका चाहर चौधरी ने शो में सबकी निगाहें अपनी ओर मोड़ ली उनके लुक इतने शानदार थे की उनसे अपनी नजरे हटा पाना सबके लिए बेहद मुश्किल सा हो गया। अपनी अदाओ का सबको कायल करने वाली ये दो अभिनेत्रियों ने रेड कारपेट पर खूब वाह-वाही बटोरी। बीती रात से ही इन दोनों हसीनाओं की खूबसूरत तस्वीरें इंटरनेट के गलियारों पर खूब वायरल हो रही हैं लोग इनके लुक्स की प्रशंसाए करते नहीं थक रहे हैं। जैसा कि आप भी देख सकते हैं इन दोनों ही हसीनाओं ने अपने ग्लैम लुक के लिए ब्लैक आउटफिट को चुनाव किया हुआ था जिसमे इनकी ब्यूटी का कलर और भी निखर कर आया। डीप नेक कट और थाई स्लिट ब्लैक गाउन में फैशन गेम का एक लेवल ऊपर बढ़ाती दिखी हिना खान ने तो मनो इवेंट में आग ही लगा दी हो उनके जलवे और खूबसूरती ने वहां आये हर एक का दिल जीत लिया। हिना खान ने मीडिया के सामने अपने आउटफिट को जमकर फ्लॉन्ट किया और अपने बैक-बो के साथ हेयरस्टाईल की भी खूबसूरत झलक दिखाई जिसमे उनका ये लुक और हेयर स्टाइल का अलग अंदाज उन्हें सबसे जुदा करता दिखा। लेकिन उनकी खूबसूरती में जिसने सबसे ज्यादा चार-चाँद लगाए वो थी उनकी चेस्ट एंटीक ज्वैलरी। जी हाँ.... ! हिना खान के इस आउटफिट की सबसे बड़ी खासियत उनकी चेस्ट एंटीक ज्वैलरी थी जो उनके लुक को एक बेहद ही रॉयल टच दे रही थी। कानों में लंबे इयरिंग्स पहने एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट किया हुआ था। तो वही अब बात करे बिग बॉस 16 की रनर-अप प्रियंका चहर चौधरी की तो, प्रियंका ने भी हिना खान को कड़ी टक्कर देते हुए वेस्ट कट और थाई स्लिट गाउन में रेड कार्पेट पर ग्लैमर का जलवा बिखेरा। इस लुक में उनकी ब्यूटी एकदम कातलाना थी। साथ ही अपने इस लुक को कम्प्लीट करती हुई एक्ट्रेस प्रियंका ने मिनिमल मेकअप अपनाते हुए ओपन हेयर लुक के साथ हाथों में नेट ग्लव्स पहने हुए थे जोकि उन्हें एक प्रिंसेस की तरह शो कर रहे थे। प्रियंका के इस लुक की इतनी प्रशंसा हो रही हैं कि इंटरनेट के गलियारों पर उनकी चर्चाये रोके नहीं रुक रही। हर एक उनके इस बदले हुए अंदाज को देख कर मदहोश हो चूका हैं साथ ही उनके इस लुक की काफी प्रशंसा भी करता दिख रहा हैं। लोगो की तो वह फेवरेट पहले से ही थी लेकिन अब उनका ये बढ़ता फैशन सेंस लोगो को उनका और दीवाना बना रहा हैं। इन तस्वीरो को देखने के बाद से ही हिना और प्रियंका की तस्वीरों पर से नजरें हटा पाना दर्शकों के लिए काफी मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेसेज का ये लुक टॉक ऑफद टाउन बन चुका है।



## प्रभास स्टारर आदिपुरुष के मेकर्स को मिली बड़ी राहत

### फिल्म की रिलीज पर कोर्ट ने सुनाया ये फैसला...







बाहुबली एक्टर प्रभास की आगामी फिल्म आदिपुरुष लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। मशहूर डायरेक्टर ओम राउत के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म का टीजर बीते साल रिलीज हुआ था, जिसने दर्शकों को काफी निराश किया। कई जगह पर इस फिल्म को लेकर विरोध भी होता नजर आया था। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 6 महीने पहले एडवोकेट राज गौरव ने फिल्म मेकर्स पर आरोप लगाया था कि उन्होंने फिल्म में हिंदू देवताओं, भगवान राम और हनुमान को गलत तरीके से चित्रित करके हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। इसके अवाला उन्होंने फिल्म के रिलीज होने पर भी रोक की मांग की थी। वहीं अब इस मामले में नया अपडेट सामने आया। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को फिल्म आदिपुरुष के मेकर्स के खिलाफ दायर मुकदमे को ये कहते हुए खारिज कर दिया है कि याचिकाकर्ता इसे वापस लेना चाहता है। अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल जज अभिषेक कुमार ने याचिकाकर्ता की दलीलों को ध्यान में रखते हुए इस मुकदमे को वापस ले लिया। राज गौरव ने अनुरोध किया कि उन्हें मामले को वापस लेने की अनुमति दी जाए। राज गौरव ने अपनी याचिका वापस लेने को लेकर कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म आदिपुरुष की रिलीज को स्थगित कर दिया है और मेकर्स फिल्म में कुछ बदलाव करने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में अदालत ने आदेश दिया, बयान के मद्देनजर, मौजूदा मुकदमे को वापस ले लिया गया है। बता दे कि आदिपुरुष में साउथ एक्टर प्रभास के अलावा कृति सेनॉन, सैफ अली खान और सनी सिंह अहम रोल में नजर आएंगे। प्रभास फिल्म में भगवान राम और कृति माता सीता के किरदार में दिखेंगी। वहीं, लक्ष्मण के किरदार में सोनू के टीटू की स्वीटी फेम एक्टर सनी सिंह नजर आएंगे। सैफ अली खान फिल्म में रावण का रोल प्ले करते दिखेंगे।

>>> बॉलीवुड <<<

## तलाक के बाद भी अरबाज खान संग बेटे की परवरिश करना मलाइका अरोड़ा के लिए नहीं था आसान, बात का खुलासा करते हुए तोड़ी चुप्पी

49 साल की मलाइका अरोड़ा फिल्मी इंडस्ट्री में अपने कमाल फिटनेस से लेकर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खूब सुर्खियां बटोरती नजर आती हैं। अर्जुन संग चल रहे अपने श्लव आज कल का टैग के लिए मलाइका को बेहद चर्चाओं में रखा जाता हैं। इससे पहले उनके अपने एक्स हस्बैंड अरबाज खान के साथ उनकी शादी और तलाक सबसे ज्यादा चर्चाओ में रहा हैं। प्यार में पागल मलाइका ने साल 1998 में अरबाज खान के साथ सात फेरे लिए थे। हालांकि, 19 सालों बाद उनका तलाक हो गया और ये भी मलाइका ने प्यार के चलते ही किया। अरबाज से हमेशा के लिए अलग होने का फैसला लेकर हर किसी को हैरान करने वाली मलाइका ने अर्जुन कपूर के प्यार के चलते अपने पहले पति को तलाक दे दिया था। भले ही मलाइका और अरबाज ने बतौर कपल अपने रास्ते अलग कर लिए हों, लेकिन वे आज भी कई बार साथ में स्पॉट किये जाते हैं। जिसकी वजह हैं उनके बेटे अरहान खान की परवरिश जिसके साथ वह कोई खिलवाड़ नहीं होने देना चाहते। दोनों अब एक-दूसरे के साथ एक अच्छा बॉन्ड शेयर कर रहे हैं। हालांकि, तलाक के बाद अरबाज के साथ को-पैरेंटिंग करना मलाइका के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था लेकिन फिर भी उन्होंने कोशिश तो की। हाल ही में, 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में पहुंचीं मलाइका ने अरबाज के साथ को-पैरेंटिंग करने पर अपनी बात को रहे हुए अपनी चप्पी तोड़ी। अरबाज संग को-पैरेंटिंग पर मलाइका ने कहा, को-पैरेंटिंग हमेशा कठिन रही है. आप कई चीजों को लेकर हमेशा सेम पेज पर नहीं रह सकते हैं, खासकर तब, जब आप अलग हो जाते हैं. उस वक्त हमेशा कुछ ऐसा हो जाता है, जो पिक्चर में फिट नहीं होता है, लेकिन शुक्र है कि अरबाज और मैं आज एक बेहतर इंसान हैं. हमें इस बात पर गर्व है कि हम को-एग्जिस्ट कर सकते हैं. कोई प्यार नहीं खोया और हम अपने बच्चे को वह सारा अटैंशन दे सकते हैं, जिसकी उसे जरूरत है और जिसके वह लायक है. साथ ही मलाइका ने कहा कि अरहान की परवरिश करने के दौरान उसके दोनों माता-पिता हमेशा एक यूनिट की तरह साथ खड़े रहते हैं।



## मिसेज इंडिया 2023' का खिताब अपने नाम कर भारत का गौरव बढाती नजर आई ज्योति अरोड़ा, एस्ट्रोलॉजर के सिर पर सजा ताज

ग्यारह सालों से सुंदरता में विविधता का जश्न मना रहा 'मिसेज इंडिया पेजेंट' में कई प्रतिभाशाली महिलाओं ने अपने सिर पर ताज सजाया है कई महिलाओ को यह अपने देश का गौरव बढ़ाते हुए देखा गया हैं। 'मिसेज इंडिया पेजेंट' भारतीय विवाहित महिला की सुंदरता, प्रतिभा, ग्लैमर और संस्कृति को पूरी तरह से प्रदर्शित करने का एक बेहद ही सुनहरा मंच है, जहां कई महिलाएं अपनी टैलेंट से लाखों-करोड़ों महिलाओं को प्रेरित करती हैं और साथ ही प्रोत्साहित भी। इस साल ये इवेंट दिल्ली के एरोस होटल में आयोजित किया गया, जहां 'मिसेज इंडिया' की विनर ज्योति अरोड़ा ने अपने सर इस ताज को सजाया। 18 मार्च 2023 को आयोजित हुआ 'मिसेज इंडिया ब्यूटी पेजेंट' में एस्ट्रोलॉजर और फेंग शुई मास्टर ज्योति अरोड़ा ने एक क्लासिक कैटेगरी में 'मिसेज इंडिया' का खिताब अपने नाम कर लिया जिससे उनकी बेहद प्रशंसा की जा रही हैं। इस दौरान उनके सिर पर विनर का ताज सजाया गया।




हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK